26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 21 जुलाई , 2026

अंक- 267 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# पेपर लीक घोर पाप, हमने दोषियों को नहीं बख्शा!

## नीट पर बोले पीएम मोदी



नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। संसद के मानसून सत्र के बीच आज एनडीए संसदीय दल की बैठक 'मंगल मिलन' संसद पुस्तकालय भवन के जी.एम.सी. बालयोगी ऑडिटोरियम में आयोजित की गई। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सभी प्रमुख दलों के सांसद और वरिष्ठ नेता शामिल हुए। इस बैठक के दौरान संसद के मानसून सत्र की रणनीति, सरकार के विधायी एजेंडे और विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही एनडीए के सभी सहयोगी दलों के बीच बेहतर समन्वय और सदन में एकजुट होकर सरकार का पक्ष रखने पर भी जोर दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज एनडीए संसदीय दल की बैठक में कहा कि नीट प्रश्न पत्र लीक मामले में सरकार ने भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने बैठक के बाद यह जानकारी दी। रिजिजू के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने कहा कि नीट पुनर्परीक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई और छात्रों का भविष्य प्रभावित न हो, इसलिए बिना किसी देरी के परिणाम घोषित किए गए।



# बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सफल बनाने को भाजपाइयों ने कसी कमर



**किरतपुर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी के किरतपुर नगर मंडल द्वारा कल 22 जुलाई को नगीना विधानसभा में आयोजित होने वाले बूथ अध्यक्ष सम्मेलन की तैयारियों को लेकर शक्ति केंद्र संयोजकों एवं शक्ति केंद्र प्रभारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सम्मेलन को सफल बनाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई तथा कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष नीरज बिश्नोई, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती रजनी कालरा, पूर्व विधायक सतीश गौतम, प्रांतीय पार्षद रोहित रवि तथा बूथ सम्मेलन के मंडल प्रभारी अनुज अग्रवाल उपस्थित रहे। किरतपुर नगर मंडल अध्यक्ष गौरव पाराशर ने कहा कि 22 जुलाई को नगीना में आयोजित होने वाला बूथ अध्यक्ष सम्मेलन संगठन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक में मंडल महामंत्री बृजमोहन सिंह, मंडल उपाध्यक्ष विकास चौहान, अवनीश राठी, सूरज वाल्मीकि, मंडल कोषाध्यक्ष अशोक सैनी, मंडल मंत्री अमरीश कुमार, रुक्मणी कश्यप, नीरू कश्यप, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष नवनीत राजपूत, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष बीना राणा, डॉ. बेगराज सिंह, एडवोकेट अमित अग्रवाल, राजेंद्र सिंह, यशपाल सिंह तोमर, मोहम्मद अजीम, घसीटा सिंह तोमर, मोहम्मद इकरार, सुधीर गिरि सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शत-प्रतिशत रहा बी.एड का परीक्षाफल



**किरतपुर ( चिंगारी )।** मौलाना मौहम्मद अली जौहर हॉयर एजुकेशन इंस्टीट्यूट, किरतपुर का बी.एड. द्वितीय वर्ष 2026 का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। शैला असगर ने 77.07 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान, मसीयत खान ने 76.14 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान, अनशा अंसारी ने 73.64 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान व मिस्बाह परवीन ने 73.42 अंक के साथ चतुर्थ स्थान और उज़्मा परवीन ने 73.14 अंको के साथ पंचम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबन्धक जनाब मौहम्मद साईम राजा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप स्वयं पर विश्वास रखें और आगे बढ़ें। प्राचार्य डॉ. मोहित बंसल ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आदर्श अध्यापक के साथ अच्छा नागरिक बन देश एवं समाज सेवा करने का आह्वान किया। बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. बेगराज यादव ने छात्राध्यापकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप स्वयं को अपडेट रखकर सफलता प्राप्त करें।




## भाकियू के जिला सचिव बने रोहित बालियान



**नांगल सोती ( चिंगारी )।** समीपवर्ती ग्राम सराय आलम के निवासी, भाकियू (टिकैत) के निष्ठावान कार्यकर्ता रोहित कुमार बालियान को संगठन में जिला सचिव मनोनीत किया गया है। जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान ने रोहित कुमार की मेहनत, लगन और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें जिला सचिव का दायित्व सौंपा है। रोहित कुमार का कहना है कि वे अपने दायित्व का निर्वहन पूर्ण निष्ठा के साथ करते हुए जिलाध्यक्ष की आशाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

## इस ओर ध्यान दे सरकार- काजी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सामाजिक चिंतक काज़ी ज़ियाउर्हमान ने देश में बढ़ती बलात्कारियों की संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से इसके विरुद्ध कड़े कदम उठाने की मांग की। उन्होंने कहा कि रक्षक ही भक्षक बन गए। बेटी के लिए बाप से बड़ा रक्षक कोई हो नहीं सकता, लेकिन बाप ही ये जघन्य अपराध कर रहा है। वकील बलात्कार पीड़िता का बलात्कार कर रहा है, अदालत ने बलात्कर पीड़िता को गनर दिया, वो भी बजाए सुरक्षा के लुटेरा बन गया। ऐसे हालात में जब सब दरिंदे बन जाएंगे, तो विश्वास किस पर किया जाएगा। सरकार जिन्ना, कब्रिस्तान करने की बजाय इस ज्वलंत समस्या की तरफ ध्यान दे।



26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 21 जुलाई, 2026

# अब हम नहीं जाएंगे, सरकार आएगी..

## जंतर-मंतर से कॉकरोचों की हुंकार

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) का विरोध प्रदर्शन 24वें दिन में प्रवेश कर गया। एक दिन पहले 'संसद चलो' मार्च के दौरान हुई हिंसक झड़पों के बाद सुरक्षा कड़ी होने के बावजूद, पार्टी के समर्थक जंतर-मंतर पर अपना धरना जारी रखे हुए हैं। पुलिस की कार्रवाई और भारी बारिश से बेपरवाह प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस्तीफे की मांग करते हुए फिर से प्रदर्शन शुरू कर दिया। पार्टी ने केंद्र पर जनता की मांगों को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया और कहा कि बीजेपी अहंकार के साथ काम कर रही है। आंदोलन कर रहे कॉकरोच जनता पार्टी और केंद्र सरकार के बीच सोमवार को पहली बार सीधा संपर्क हुआ। उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के साथ बातचीत की। हालांकि अब कॉकरोच जनता पार्टी का कहना है कि नड्डा से मिलना उनके लिए सिर्फ समय की बर्बादी थी। सीजेपी का कहना है कि उनकी मांगे अभी तक नहीं मानी गई है और इसलिए यह आंदोलन जारी रहेगा। इससे पहले सोमवार को सीजेपी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने संसद की ओर मार्च करने से रोक दिया। इस दौरान भारी झड़प हुई और पुलिस ने खूब लाठियां बांझी। सीजेपी प्रवक्ता आशुतोष रांका ने बताया कि भारत के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री के साथ बैठक बेकार रही। रांका ने कहा उनकी तरफ से कोई जवाब नहीं आया।


## महापंचायत के लिए किसानों का दिल्ली कूच

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** देश बचाओ मोर्चा के आह्वान पर आज पंजाब, हरियाणा और कई अन्य राज्यों के किसान महापंचायत के लिए दिल्ली कूच पर निकल पड़े हैं। दिल्ली के किसान घाट पर भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते को रद्द करवाने समेत किसानों की मांगो को लेकर विशाल महारैली का आयोजन किया जाएगा। किसानों के दिल्ली कूच को लेकर दिल्ली पुलिस हाई अलर्ट पर है। दिल्ली की सीमाओं पर पुलिस की तरफ से की गई विशेष तैयारी की गई है। दिल्ली के सिंघु बॉर्डर पर दिल्ली पुलिस सघन तलाशी अभियान चला रही है। बॉर्डर पर पुलिस बल के अलावा वाटर कैनन और वज्र वाहन को तैनात किया गया है। पुलिस वाहनों की तलाशी लेकर दिल्ली की ओर आ रहे किसानों को रोक रहे हैं। साथ ही तलाशी के बाद ही वाहनों को दिल्ली में घुसने की इजाजत दी जा रही है।

### सूचना

स्कूल रिकार्ड में पहले मेरी पुत्री का नाम आरजू खां था, अब मैने अपनी पुत्री का नाम बदलकर आरजू खान रख लिया है। मेरा नाम मो. आसिम खां व मेरी पत्नी का नाम नय्यर खां अंकित है, जबकि मेरा सही नाम आसिम खान व मेरी पत्नी का नाम नय्यर है। भविष्य में मेरी पुत्री का नाम आरजू खान (ARZOO KHAN) व मेरा नाम आसिम खान (ASIM KHAN) व मेरी पत्नी का नाम नय्यर (NAIYYAR) से जाना व पहचाना जाये।


**-आसिम खान पुत्र निसार अहमद, निवासी मौहल्ला बिसातियान, नजीबाबाद (जिला बिजनौर) उ.प्र.**









**भली लगे या बुरी ...**

## असहमति का सम्मान हो!

पुलिस की एकतरफा कार्रवाई और उसके रवैये का विरोध करने वाले नागरिकों पर झूठे मुकदमे थोपने की प्रवृत्ति पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट ने पिछले दिनों कहा था कि लोगों को व्यवस्था का गुलाम बनने के लिए धकेला जा रहा है। बॉम्बे हाईकोर्ट की एकल पीठ के न्यायमूर्ति माधव जामदार ने पूरी तरह से संवैधानिक मार्ग का अनुसरण किया और उन सिद्धांतों के अनुरूप कार्य किया जो यह स्थापित करते हैं कि न्यायपालिका नागरिकों की स्वतंत्रता के अधिकार की वास्तविक संरक्षक है तथा इस पर होने वाले किसी भी प्रहार को रोकती है। न्यायमूर्ति जामदार के इस व्यावहारिक रुख की सराहना की जानी चाहिए, जब उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि हम एक ऐसे दौर में जी रहे हैं, जहां वैचारिक सहमति की साझा जमीन निरंतर सिमट रही है और ध्रुवीकरण व्यापक होता जा रहा है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि किस प्रकार असहमति के सुरों को चिन्हित कर उन्हें अपराध की श्रेणी में डाल दिया जाता है और विरोधियों पर दंडात्मक कार्रवाई करके उनके प्रति समाज में अविश्वास का माहौल पैदा किया जाता है। वास्तव में, असहमति का दामन लोकतांत्रिक संस्थाओं का उपयोग स्वयं लोकतांत्रिक स्पेस का सिकोड़ने के लिये किया जाने लगा है। हालांकि, असहमति के सिद्धांत का यह अर्थ कदापि नहीं है कि किसी को लोकतंत्र के नाम पर देश की अस्मिता, एकता और शांति एवं कानून व्यवस्था को चोट पहुंचाने की दे दी जाए। भारत का संविधान अगर नागरिकों को उनके मौलिक अधिकार देता है तो उनके कर्तव्य और दायित्वों को भी रेखांकित करता है। हमारे संविधान निर्माताओं ने बहुत सूझबूझ के साथ असहमति की भरपूर गुंजाइश रखी। लेकिन कई बार सत्ता में बैठे लोग अहंकारवश या किसी रणनीति के तहत असहमति के विचार को नकारने लगते हैं, जिससे समाज में असंतोष उत्पन्न होता है। लोकतंत्र में अच्छा शासक वही माना जाता है जो अपने विरोध में उठने वाली आवाजों को भी सम्मान दे और समाज के किसी भी वर्ग में असंतोष होने पर उनसे संवाद करे और समस्या का समाधान निकाले।

# क्यों कह रहे हैं बुंदेलखंड के किसान 'न्याय दो या मार दो'

**-राज कुमार सिन्हा**

> आंदोलनकारियों का आरोप है कि स्थानीय प्रशासन राज्य सरकार के इशारे पर झूठे मुकदमे दर्ज करने, गैरकानूनी तरीके से बेदखली करने, घरों की बिजली काटने तथा स्कूलों और पूजा स्थलों को ढहाने जैसे अमानवीय और गैरकानूनी कदम उठा रहा है, ताकि प्रभावित लोगों के बीच भय का वातावरण बनाया जा सके। जल नीति शोधकर्ता एवं साउथ एशिया नेटवर्क ऑन डैम्स, रिवर्स एंड पीपल ( सेंड्रप ) के समन्वयक हिमांशु ठक्कर का कहना है कि केन-बेतवा परियोजना बुरी तरह पुराने पड़ चुके अनुमानों पर आगे बढ़ रही है और एक पारिस्थितिक रूप से अव्यावहारिक योजना के लिए केन नदी को मौसमी नाले में बदलने का खतरा पैदा कर रही है।

केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना के क्रियान्वयन में सभी कानूनों की धज्जियां उड़ाए जाने के विरोध में मध्य भारत के ग्रामीणों ने एक बार फिर चिता आंदोलन का शंखनाद कर दिया है। बुंदेलखंड (मध्य भारत) की आदिवासी महिलाओं और किसानों का असाधारण चिता आंदोलन, कुछ समय स्थगित रहने के बाद, 3 जुलाई 2026 को फिर से शुरू हो गया। यह आंदोलन मध्य प्रदेश के कुपी गांव के पास, केन नदी की सहायक बरना नदी के किनारे आयोजित किया जा रहा है। आंदोलन जय किसान संगठन के नेतृत्व में चल रहा है और इसका नारा है न्याय दो या मार दो। यह आंदोलन प्रशासन के खिलाफ है, जिसने अप्रैल 2026 में किए गए अपने वादों से पूरी तरह मुंह मोड़ लिया। उस समय पहला चिता आंदोलन इस शर्त पर स्थगित किया गया था कि केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित ग्रामीणों की शिकायतों का समाधान किया जाएगा, लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले से जय किसान संगठन के नेता और सामाजिक कार्यकर्ता अमित भटनागर कहते हैं कि केन-बेतवा लिंक परियोजना 46 लाख पेड़ों को नष्ट कर रही है और पन्ना टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र के 5,803 हेक्टेयर हिस्से को डुबो रही है। प्रशासन के भ्रष्ट और तानाशाही रवैये ने 50,000 लोगों को बेघर कर दिया है। उन्हें उनकी ज़मीन, नदियों, जंगलों, आजीविका और संस्कृति से काट दिया गया है। गांव वालों ने हमेशा अन्याय के खिलाफ गांधीवादी तरीके से शांतिपूर्ण विरोध किया है। अप्रैल 2026 के पहले आंदोलन में गांव वालों ने प्रतीकात्मक पंचतत्व विरोध किया था। वे चिताओं पर लेटे, उपवास रखा और अपने शरीर पर अपने गांव की मिट्टी मली। अप्रैल 2026 का चिता आंदोलन सरकार के आश्वासनों पर स्थगित कर दिया गया था। लेकिन इसके बदले सरकार ने मंगल यादव, कमल आदिवासी जैसे आंदोलन के नेताओं और मुझ समेत कई अन्य कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे लाद दिए और हमें जेल भेज दिया। जमानत मिलने के बाद 250 से अधिक लोगों पर झूठे मामले दर्ज किए गए हैं। कानून की खुलेआम अवहेलना करते हुए परियोजना से प्रभावित गांवों में कभी कोई ग्राम सभा नहीं बुलाई गई। समुदायों से कोई सहमति नहीं ली गई। जनता के सामने कोई सामाजिक प्रभाव आकलन रिपोर्ट नहीं रखी गई। बुंदेलखंड के लोग कोई खैरात नहीं मांग रहे। हम बस इतना चाहते हैं कि सरकार अपने ही कानूनों का पालन करे। हमारा आंदोलन संविधान में निहित लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए है।



आंदोलनकारियों का आरोप है कि स्थानीय प्रशासन राज्य सरकार के इशारे पर झूठे मुकदमे दर्ज करने, गैरकानूनी तरीके से बेदखली करने, घरों की बिजली काटने तथा स्कूलों और पूजा स्थलों को ढहाने जैसे अमानवीय और गैरकानूनी कदम उठा रहा है, ताकि प्रभावित लोगों के बीच भय का वातावरण बनाया जा सके। जल नीति शोधकर्ता एवं साउथ एशिया नेटवर्क ऑन डैम्स, रिवर्स एंड पीपल (सेंड्रप) के समन्वयक हिमांशु ठक्कर का कहना है कि केन-बेतवा परियोजना बुरी तरह पुराने पड़ चुके अनुमानों पर आगे बढ़ रही है और एक पारिस्थितिक रूप से अव्यावहारिक योजना के लिए केन नदी को मौसमी नाले में बदलने का खतरा पैदा कर रही है। उन्होंने कहा कि पूरी परियोजना का जल-विज्ञान संबंधी आधार 2003-04 के पुराने आंकड़ों पर टिका है। आज केन नदी में वास्तव में कितना पानी उपलब्ध है, इसका कोई ताज़ा वैज्ञानिक आकलन नहीं किया गया है। सरकार के आंतरिक पत्राचार से यह भी पता चलता है कि अधिकारियों को स्वयं दौधन बांध की वार्षिक जल-क्षमता को लेकर गंभीर संदेह थे। सरकारी अनुमान 4,490 से 6,590 एमसीएम के बीच हैं, और इसकी ऊपरी सीमा भी परियोजना के निर्धारित सिंचाई तथा पेयजल लक्ष्यों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं मानी जा रही है। हिमांशु ठक्कर के अनुसार केवल जल उपलब्धता ही नहीं, बल्कि वन मंज़ूरी की अनिवार्य शर्तों का भी खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मई 2017 की चरण-1 वन मंज़ूरी की शर्त संख्या 11 के तहत पेड़ों की ताज़ा गणना अनिवार्य थी। पन्ना टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक स्वयं पुष्टि कर चुके हैं कि ऐसी कोई गणना नहीं हुई। इसी प्रकार अक्टूबर 2023 की चरण-2 वन मंज़ूरी की शर्त संख्या 43 के अनुसार यदि मंज़ूरी की सभी शर्तें एक वर्ष के भीतर पूरी नहीं होतीं, तो मंज़ूरी स्वत: निरस्त हो जाती है। परियोजना पन्ना टाइगर रिजर्व के भीतर 78 मेगावाट का पावर प्लांट भी स्थापित करना चाहती है। उनका कहना है कि वन मंज़ूरी की शर्तें टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में ऐसे किसी भी निर्माण को स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित करती हैं। विशेषज्ञ इसे वन्यजीव संरक्षण की शर्तों का सीधा उल्लंघन मानते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब इन शर्तों का पालन नहीं हुआ, तो आज निर्माण कार्य किस कानूनी आधार पर जारी है? अरावली विरासत जनअभियान की सहसंस्थापक नीलम आहलूवालिया का कहना है कि केन-बेतवा परियोजना क्षेत्र में जो कुछ हो रहा है, वह मध्य भारत के सबसे अनमोल और अपूरणीय पारिस्थितिक गलियारों में से एक को व्यवस्थित रूप से नष्ट करना है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी (सीईसी) ने भी इस मूल धारणा पर सवाल उठाया था कि केन नदी में वास्तव में अतिरिक्त पानी उपलब्ध है। समिति ने यह भी चेतावनी दी थी कि यह परियोजना पारिस्थितिक और आर्थिक दोनों दृष्टियों से अव्यावहारिक सिद्ध हो सकती है। उन्होंने प्रश्न उठाया कि बुंदेलखंड क्षेत्र में पहले से मौजूद 11 बड़ी और 171 छोटी सिंचाई परियोजनाओं को सुदृढ़ करने जैसे कम खर्चीले और विकेंद्रीकृत विकल्पों पर गंभीरता से विचार क्यों नहीं किया गया है?

उनके अनुसार दौधन बांध 9,000 हेक्टेयर से अधिक घने जंगल को डुबो देगा, जिसमें पन्ना टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र के 5,803 हेक्टेयर वन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह कोई बंजर भूमि नहीं, बल्कि एक जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र है, जहां बाघ, घड़ियाल, गंगा डॉल्फिन, गिद्ध, चिंकारा, भेड़िए और दुर्लभ महाशीर मछलियां निवास करती हैं। केन घड़ियाल अभयारण्य तथा नदी किनारे स्थित गिद्धों के महत्वपूर्ण घोंसला स्थल भी बदले हुए नदी प्रवाह और नये जलाशय से गंभीर रूप से प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि जब भारत जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग से सर्वाधिक प्रभावित देशों में शामिल है, तब देश के कार्बन सिंक को सुरक्षित रखना अत्यंत आवश्यक है।

# गन्ने की पत्ती उतार रही महिला को खींच ले गया गुलदार

## ग्रामीणों ने रेंजर को सुनाई खरी-खोटी, शव उठाने से किया इन्कार

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम अजुपुरा जट में सोमवार की शाम गुलदार ने एक वृद्ध महिला पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने वन विभाग पर घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शव उठाने से इनकार कर दिया।

हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के समीपवर्ती ग्राम अजुपुरा जट निवासी 70 वर्षीय बीरो देवी अपने छोटे पुत्र मनीराम के साथ खेत पर पशुओं के लिए चारा लेने गई थी। मनीराम चारा काटने में जुटा था, जबकि बीरो देवी पास के गन्ने के खेत में पत्ते उतारने चली गई। इसी दौरान गुलदार ने उन पर हमला बोल दिया। अचानक हुए हमले में उन्हें संभलने का मौका तक नहीं मिला और गुलदार उन्हें खेत के अंदर काफी दूर तक घसीटकर ले गया।

मनीराम ने बताया कि काफी देर तक मां के वापस नहीं लौटने पर उन्होंने कई बार आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। जब वह गन्ने के खेत की ओर पहुंचे तो वहां का मंजर देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। गुलदार द्वारा मां पर हमला होते देख उन्होंने शोर मचाया, जिसे सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे किसान दौड़ पड़े। लोगों को अपनी ओर आता देख गुलदार जंगल की ओर भाग निकला।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाने का प्रयास किया, लेकिन आक्रोशित ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों और तहसील प्रशासन के मौके पर पहुंचने तक शव उठाने से साफ इनकार कर दिया। ग्रामीणों की मांग पर तहसीलदार ओमकार सिंह और चांदपुर रेंज के रेंजर दुष्यंत मावी मौके पर पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए रेंजर को जमकर खरी-खोटी सुनाई। तहसीलदार ओमकार सिंह ने मृतका के परिजनों को पांच लाख रुपये का मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया, लेकिन ग्रामीण केवल मुआवजे से संतुष्ट नहीं हुए। उनका कहना था कि यदि वन विभाग समय रहते कार्रवाई करता तो आज बीरो देवी की जान बच सकती थी। अधिकारियों के समझाने पर करीब दो घंटे बाद ग्रामीणों ने शव को ले जाने दिया। मौके पर मौजूद पुलिस ने शव पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया है।





### कई की जान ले चुके गुलदार

ग्राम अजुपुरा जट और आसपास का क्षेत्र लंबे समय से गुलदार की दहशत झेल रहा है। इससे पूर्व जुलाई 2025 में ग्राम पिलाना में गुलदार संतोष देवी व कुमारी सलोनी तथा ग्राम गोगली में एक युवक को मौत के घाट उतार चुका है। 2 अप्रैल 2026 को अजुपुरा जट्ट के इसी जंगल में कृषि कार्य कर रहे दो युवक संदीप और मोनू पर गुलदार हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर चुका है। वहीं, समीपवर्ती गांव रेहरा में लगभग एक वर्ष पूर्व हमला कर गुलदार ने 10 वर्षीय किशोर को मौत के घाट उतार दिया था। करीब दो सप्ताह पूर्व गुलदार हीमपुर दीपा में निपेंद्र सिंह की पशुशाला में घुसकर एक बछिया तथा ग्राम सिकरौंदा मे किसान बिजेंद्र उर्फ टाटा की पशुशाला में घुसकर गौवंश को मौत के घाट उतार चुका है। क्षेत्र में लगातार हो रही गुलदार की घटनाओं ने ग्रामीणों के मन में भय और असुरक्षा की भावना को और गहरा कर दिया है। किसान पशु चारा लेने जंगल जाते हुए डर रहे हैं।

### रेंजर का कहना है..

**चांदपुर रेंज के रेंजर दुष्यंत मावी ने बताया कि घटनास्थल के पास एक पिंजरा लगाया गया है। रात्रि में ड्रोन कैमरे के माध्यम से जंगल की निगरानी की गई है। वन विभाग की एक टीम को स्थायी रूप से क्षेत्र में तैनात किया जाएगा। जगल में ट्रैक कैमरे लगाने की प्रक्रिया की जा रही है। गुलदार को पकड़ने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं, क्षेत्र में विशेष निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि जंगल में झुण्ड बनाकर जाएं, सीटी का प्रयोग करें तथा छोटा बूफर (DJ) लें और काम करते समय अपने पास बजाकर उसे रख लें।**

### आरोप : वन विभाग करता खानापूर्ति

ग्रामीण चंद्रपाल सिंह, संदीप कुमार, पुष्पेंद्र सिंह, उदयवीर, राहुल प्रधान, धर्मपाल, सोनू, सुमित कुमार, बलराज, राजेश सिंह, पूर्व प्रधान आदेश कुमार, अंतराम धीमान, नितिन कुमार, जितेंद्र उर्फ काले, धर्मेंद्र, चमन शर्मा, कुलबीर सिंह, हिमांशु, अरुण कुमार सहित अन्य लोगों का आरोप है कि वन विभाग केवल पिंजरा लगाने के नाम पर खानापूर्ति कर अपने काम की इतिश्री कर लेता है। उनका कहना है कि पिंजरे लगाने के बाद विभागीय कर्मचारी उनकी निगरानी तक नहीं करते, न ही पिजरे में वेट (मुर्गा, बकरी) लगाया जाता है। ग्रामीणों ने कहा कि आज की घटना वन विभाग की घोर लापरवाही का परिणाम है, जिसकी कीमत एक वृद्ध महिला को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी।



खुल गया! खुल गया!





श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।



पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans




सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476




M D COLLEGE BIJNOR
A CO-EDUCATIONAL INSTITUTION
APPROVED & AFFILIATED TO CENTRAL & STATE GOVERNMENT APEX BODY

Courses Offered

Professional Courses: D. Pharma, B.Sc. (Microbiology), BCA, B.Com. (Computer), BBA, B.A. LL.B., LL.B.

Traditional Courses: B.A., B.Sc. (ZBC), B.Com.



Eligibility: Eligibility to all the courses is as per the directives of the U.P. Government.
College Of Pharmacy, Management, Science, Commerce, Law & Arts
Admission Open
*Proposed

Head Office: Near Chamunda Mandir, Jatan, Bijnor-246701 (U.P.)
01342-262272 9412217505/506/507/508
www.pharmacymdcollege.com, www.srct-mdbijnor.com, pharmacymdcollege@gmail.com, lawmdcollege@gmail.com, bjosrct@gmail.com, bijnormdc@gmail.com

# वाहन की टक्कर से युवक की मौत



हीमपुर दीपा (चिंगारी)। थाना क्षेत्र के ग्राम शाहपुर लाल निवासी 36 वर्षीय विपिन पुत्र रोहताश सिंह की गत रात्रि अज्ञात वाहन की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। ग्राम निवासी विपिन पुत्र रोहतास सिंह गत रात्रि बाइक से बिजनौर से अपने गांव शाहपुर लाल लौट रहा था। जैसे ही वह चांदपुर-बिजनौर मार्ग स्थित शाहपुर लाल गुरुद्वारे के सामने पहुंचा, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि विपिन की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक के पिता रोहताश सिंह ने थाना हीमपुर दीपा में तहरीर देकर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। घटना के संबंध में शाहपुर लाल चौकी प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर वाहन की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

## मावे और मिठाई के नमूने लिये




चांदपुर (चिंगारी)। श्रावण कांवड़ यात्रा को ध्यान में रखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग के अधिकारियों ने नगर में अभियान चलाकर मावे की 4 दुकानों तथा मिठाई की एक दुकान पर नमूने लेकर उनको जांच के लिए भेजा। मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये गये अभियान से हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह एवं खाद्य एवं औषधि विभाग के निरीक्षक नरेश कुमार ने टीम के साथ मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री की रोकथाम के लिए यह कार्रवाई की। खाद्य एवं औषधि निरीक्षक नरेश कुमार ने कहा कि मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री नहीं होने दी जाएगी तथा आगे भी यह अभियान जारी रहेगा।

## सोनम वांगचुक के समर्थन में रैली निकाली

### शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फूंका



कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। दिल्ली स्थित जंतर-मंतर पर सोनम वांगचुक के आन्दोलन के समर्थन में सोमवार को कालागढ़ में कांग्रेस नगर कमेटी द्वारा रैली का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व कांग्रेस नगर अध्यक्ष आकाशदीप शर्मा ने किया। रैली को सम्बंधित करते हुए आकाशदीप शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा जनता की आवाज़ को गंभीरता से सुनकर संवाद के माध्यम से समस्याओं का समाधान निकाला जाना चाहिए। रैली के दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला भी फूंका गया। कार्यक्रम में परशुराम, अतुल चौहान, अंशुल, ऐप्पल आदि नगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं अनेक स्थानीय लोग मौजूद रहे।



## सम्बंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र इब्राहीम व उसकी दोनों पत्नी रूखसार व शाहिन जो दोनों पत्नी को लेकर हमारे घर से बाहर रहता है तथा मेरे व मेरे परिवार के साथ अभद्र व्यवहार करते थे। इसलिये मैं और मेरे परिवार वाले मेरे पुत्र व उसकी दोनों पत्नी से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं तथा अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में यह तीनों किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन व कोई भी कृत्य करते हैं तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**- कनीजा पत्नी स्व. छुट्टन खां, निवासी महीगीरों वाली मस्जिद के पास, मौहल्ला नौधा, कस्बा नहटौर, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।**

## बच्चों को सम्मानित किया



चांदपुर (चिंगारी)। श्री कान्हा वन गौशाला में गौवंश की सेवा करने के लिए बच्चों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। गौशाला के प्रबंधक उमेश चन्द्र गोयल व संचालक प्रमोद शर्मा ने आशु गोयल, पुष्कल गोयल, रूद्राक्ष भारद्वाज, समृद्ध गोयल, कुंज चौधरी, अनंत भारद्वाज आदि की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उन्हें प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।

## श्रद्धालुओं में अपार हर्ष, हनुमान चालीसा पाठ को हो गये सात वर्ष



बिजनौर (चिंगारी)। समाज में सद्भाव और धर्म के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य को लेकर शम्भूदयाल चौराहे के पास स्थित चौरासी घंटा मंदिर (डिप्टी साहब) में प्रत्येक मंगलवार की सायं श्री हनुमान चालीसा पाठ के कार्यक्रम की शुरूआत की गयी थी। देखते-देखते इस कार्यक्रम ने 7 वर्ष का सफर तय कर लिया। जिसे लेकर मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल बेसन वाले, अरविन्द अग्रवाल, शिव कुमार गुप्ता, मा. अनिल सिंह, कुलदीप, देवेश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल आदि अत्यन्त हर्षित व उत्साहित है। अरविंद अग्रवाल का कहना है कि 7 वर्ष पूर्व शुरू किये गये कार्यक्रम ने आज भव्य रूप धारण कर लिया है। पूरे शहर में भारी संख्या में महिलायें-पुरूष व श्रद्धालु प्रत्येक मंगलवार रात्रि 8 बजे से शुरू होने वाले श्री हनुमान चालीसा व भजन संध्या में भाग लेने आते हैं। पाठ के पश्चात आरती लेने व प्रसाद चढ़ाने के लिये भक्तों में होड़ लगी रहती है। जो श्रद्धालु भोग लगाना चाहते हो वह अपना नाम पूर्व में ही समिति को लिखा देते हैं। फूलों व बिजली की झालरों से सजे मंदिर में संगीतमयी वाणी में हनुमान चालीसा पाठ के पश्चात श्रद्धालुओं द्वारा सुंदर भजनों की प्रस्तुति से माहौल पूरी तरह धार्मिक हो जाता है। समिति के सदस्यों ने सभी हनुमान भक्तों का आह्वान किया है कि वे आज सपरिवार रात्रि 8 बजे भाग लेकर धर्म लाभ उठायें।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा बड़ा विवाहित पुत्र जीशान आयु 25 वर्ष ओर उसकी पत्नी रुकसाना आयु 27 वर्ष जो गलत संगत में पड़ गए हैं। वह मेरे व मेरे परिवार के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। मेरा व मेरे परिवार का समझाया भी नहीं मानते। इसलिये मैं और मेरा परिवार उनसे अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं। तथा अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में वह किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन व कोई भी कृत्य करते हैं, तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**-ज़ाहिद पुत्र श्री मेहंदी, निवासी-ग्राम ढेला अहीर, थाना नूरपुर, तहसील चांदपुर (बिजनौर)।**

# ‘कल’ के लिए जल संरक्षण ज़रूरी : इन्दिरा सिंह

## सभासदों व नगर पालिका कर्मचारियों को जल बचाने की शपथ दिलाई



**बिजनौर (चिंगारी)।** गिरते भूगर्भ जल स्तर पर चिंता जताते हुए बिजनौर नगर पालिका परिषद के सभागार में सोमवार को एक विशेष गोष्ठी का आयोजन किया गया। पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जल संरक्षण को लेकर गंभीर विचार-विमर्श किया गया और नगर में जल बचाने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिया गया। गोष्ठी का संचालन ऑडिटर वीरेंद्र सिंह ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि पानी की बर्बादी रोकना और भूगर्भ जल स्तर को सुधारना आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। जल संरक्षण को धरातल पर उतारने के लिए नगर के सभी वार्डों में वार्ड-वार जागरूकता अभियान चलाने पर विशेष जोर दिया गया। इस महत्वपूर्ण गोष्ठी में जलकल विभाग के अवर अभियंता गौरव शर्मा, कर अधीक्षक नरेंद्र पाल यादव, सफाई निरीक्षक गोविंद चौधरी, निर्माण लिपिक सोनिका गर्ग, और सभासदगणों में अभिषेक राणा, नीरज शर्मा, मनी चौधरी, मनोरमा शर्मा, अमित ठाकुर, सुजीत कुमार, शमशाद अहमद, शहजाद अहमद व जुबेर अहमद सहित अनेक लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

TATA MOTORS COMMERCIAL VEHICLES | Better Always
TATA
INTRA V30 GOLD PICKUP




APPLY FOR VACANCY
- Sales Executives : 2 (Bijnor, Dhampur)
- Receptionist (Female) : 1 (Bijnor)
- Mechanic / Electrician : 2 (Bijnor)
- Cashier : 1 (Bijnor)
Contact - hr.cnsmotors@gmail.com, Ph: 7055501562
CNS Motors Pvt. Ltd. (TATA Motors CV Dealer)
Address: NH-119, Kiratpur Road, Pedda, Bijnor
Branches: Najibabad, Dhampur, Joya (Amroha)
Phone : 8484932387, 8476001007

## एसओ की पत्नी ने बस ड्राइवर के खिलाफ़ रिपोर्ट दर्ज करायी

### रिश्तेदार की बाइक में टक्कर मारने का आरोप

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** थाना प्रभारी रेहड़ राजीव कुमार वर्मा की धर्मपत्नी रेखा वर्मा ने रेहड़ पुलिस को दिए प्रार्थना-पत्र में बताया कि थाना रेहड़ में उनके पति राजीव कुमार वर्मा की तैनाती की वजह से वह बच्चों सहित रेहड़ में ही रह रही है। गत दिवस ग्राम काजीवाड़ी थाना बेहटा गोकुल, जनपद हरदोई निवासी उनके रिश्तेदार श्याम नारायण सिंह उनसे मिलने के लिए रेहड़ आये हुए थे। रेखा वर्मा ने बताया कि रविवार की दोपहर श्याम नारायण अपनी बुलेट मोटरसाइकिल से बादीगढ़ चौराहे की तरफ गये थे कि इसी दौरान उत्तराखंड परिवहन निगम की रोडवेज बस के चालक मुलायम सिंह निवासी ग्राम नुकलिया थाना सितारगंज जनपद उधम सिंह नगर ने बस को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए श्याम नारायण की बुलेट मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये और बुलेट भी क्षतिग्रस्त हो गई। घायल श्याम नारायण को काशीपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रेहड़ पुलिस के मुताबिक श्रीमती रेखा वर्मा की तहरीर के आधार पर आरोपी मुलायम सिंह के विरुद्ध बीएनएस की धारा 281, 125 व 324 (4) के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले को 10 साल की सजा

**बिजनौर (चिंगारी)।** विशेष सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) कल्पना पांडे ने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को दस वर्ष कारावास और पच्चीस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक भालेंद्र सिंह राठौर के अनुसार एक महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग 17 वर्षीय भतीजी को 25 जून 2023 को रात्रि 10 बजे करीब अंकित ने अश्लील हरकतें कीं और उसके साथ छेड़छाड़ की तथा दुष्कर्म किया। इस मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कल्पना पांडे ने नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें करने, दुष्कर्म करने का अपराध सिद्ध होने पर अंकित को पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत 10 वर्ष कठोर कारावास और पच्चीस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

Hero WORLD'S NUMBER 1 MOTORCYCLE & SCOOTER COMPANY FOR 25 YEARS IN A ROW
हीरो के मानसून सुपरहिट ऑफर्स
Hero
₹10,000/-* के बेनीफिट
₹5,999/-* डाउन पेमेन्ट
*नियम व शर्तें लागू।




₹10,000/-* Cash Discount
आकर्षक उपहार




₹3,000/-* Exchange Bouns
कविता हीरो (अधिकृत विक्रेता हीरो मोटोकॉर्प)
निकट सैंट मैरी स्कूल, किरतपुर रोड, बिजनौर
मो० : 9289922765



## राशिफल

# विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**बुधवार, 22 जुलाई 2026**

मेष- अधूरी योजना साकार होने की ओर, भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, वाक्पटुता से कार्यों में अनुकूलता, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, मन प्रसन्न।

वृषभ- प्रतियोगिता में सफलता, धन सम्पत्ति विषयक मसला पक्ष में सुलझने की ओर, स्वाध्याय की ओर रुझान, रचनात्मक क्रियाकलापों की ओर अभिरुचि।

मिथुन- कार्य व्यवसाय में विस्तार या परिवर्तन हेतु नवयोजना की शुरुआत संभव, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति का प्रयास सार्थक, मनोविनोद के अवसर सुलभ।

कर्क- आरोग्य सुख में कमी, कार्यों के प्रति असंतोष, किसी खास व्यक्ति से धोखे की आशंका, आपसी सम्बन्धों में तालमेल का अभाव, विरोधियों का वर्चस्व।

सिंह- कार्यों में उन्नति का सुयोग, सुपरिचितों के सहयोग से समस्या का समाधान, शारीरिक अनुकूलता, राजनीतिक गतिविधियों की ओर रुझान, आत्मिक शांति।

कन्या- आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में प्रगति हेतु नवप्रयास सार्थक, वाद-विवाद की स्थिति में कमी, किसी योजना का सुपरिणाम प्राप्त, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, यात्रा संतोषजनक।

तुला- स्वास्थ्य बेहतर, आत्मविश्वास से कुछेक कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता, पुराने विवाद के समापन का मार्ग प्रशस्त, उन्नति की दिशा में प्रयास सार्थक।

वृश्चिक-समय विपरीत, जल्दबाजी में किया गया कार्य व लिया गया निर्णय अहितकर, आत्मीयजनों में कटुता, स्वास्थ्य में व्यवधान, निजी इच्छा की पूर्ति में बाधा।

धनु- व्यक्तित्व का विकास, कुछेक समस्याएं आपके पक्ष में सुलझने की ओर, पराक्रम से कार्य व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकूलता, सामाजिक गतिविधियों की ओर रुझान।

मकर- कार्य व्यवसाय में लाभ का सुअवसर प्राप्त, पारिवारिक समस्याओं का समाधान संभव, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुयोग।

कुम्भ- विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, समस्या विशेष के समाधान के सन्दर्भ में स्वयं का निर्णय लाभप्रद, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, मनोविनोद के अवसर सुलभ।

मीन- पुरुषार्थ के प्रति अरुचि, आर्थिक व्यवसायिक प्रगति में बाधा, प्रियजनों से विश्वासघात होने की आशंका, वैवाहिक सुख में अड़चनें, कर्ज से परेशानी।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने भागूवाला से फूंका चुनाव का बिगुल

### आजाद समाज पार्टी से खुद को विधायक पद का भावी उम्मीदवार बताया



नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद चेयरमैन इंजीनियर मुअज्ज़म ने क्षेत्र के ग्राम भागूवाला के वालिया होटल में एक मीटिंग का आयोजन किया, जिसमें भागूवाला के सम्मानित व बुजुर्ग लोगों ने शिरकत की। चेयरमैन इंजीनियर मुअज्ज़म ने बताया कि उन्होंने भागूवाला से 2027 के विधानसभा चुनाव की शुरूआत कर दी है। वह नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र से विधायक पद के भावी उम्मीदवार हैं। नजीबाबाद चेयरमैन इंजीनियर मुअज्ज़म ने अपने आप को आजाद समाज पार्टी का नजीबाबाद विधानसभा चुनाव 2027 का भावी उम्मीदवार बताया। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष व सांसद चंद्रशेखर बड़ी मजबूती के साथ दलित, मुस्लिम व पिछड़ा वर्ग के पीड़ित लोगों की लड़ाई लड़ रहे है। ऐसे में उनके हाथों को मजबूत करना सभी के लिए जरूरी है। वह नजीबाबाद चेयरमैन पद पर रहते हुए नजीबाबाद में चारों ओर की सड़क, नाली व पार्क, झंडा चैक अन्य निर्माण कराकर काफी विकास करा चुके है। अब वह पूरी विधानसभा का विकास कराने की तैयारी कर रहे हैं। भागूवाला के लोगो ने चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम को अपना पूर्ण समर्थन देते हुए विधायक का चुनाव लड़ाकर जिताने की बात कही। क्षेत्र के लोगों ने कहा कि नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र में अब बदलाव की जरूरत है। बदलाव के लिए वह इंजीनियर मुअज्ज़म के साथ हर हाल में खड़े है। इंजीनियर मुअज्जम से मिलने के लिए क्षेत्र के सम्मानित जिम्मेदार बुजुर्ग व युवाओ का जन सैलाब उमड़ पड़ा। मीटिंग का संचालन नासिर कुरैशी ने किया। मीटिंग में फारुख अंसारी, अध्यक्ष हाजी फैजान, हाजी यूनुस, हाजी शमशाद, हाजी शरीफ, हाजी फारुख, रजत कुमार, अशोक विधानसभा अध्यक्ष, विष्णू गौतम, वीरेंद्र सिंह, असगर प्रधान, मोहम्मद यूसुफ, फरीद, जुबैर एडवोकेट, आज़म, शहज़ाद, शाहनवाज़, मौ0 साजिद, साजिद प्रधान, पूर्व प्रधान इसमाईल, शाहिद, मुस्तकीम अहमद आदि लोग मौजूद रहे।



## प्रदीप डेजी नगर महामंत्री व राजीव गुप्ता नगर उपाध्यक्ष मनोनीत

नजीबाबाद (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने स्थानीय निवासी प्रदीप डेजी माहेश्वरी को नजीबाबाद संगठन का नगर महामंत्री एवं राजीव गुप्ता को नगर उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने दोनों नवमनोनीत पदाधिकारियों से आशा व्यक्त की कि वह व्यापारियों के हितों के लिए कार्य करेंगे। नव मनोनीत पदाधिकारी प्रदीप डेजी माहेश्वरी व राजीव गुप्ता ने प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को नगर में मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

## पत्रकार सुरक्षा समिति ने मंडी समिति परिसर में किया वृक्षारोपण



नजीबाबाद (चिंगारी)। अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति की ओर से केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजना वृक्षारोपण महायज्ञ अभियान 2026 के अंतर्गत मंडी समिति परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष हाशिम अहमद ने कहा कि पौधे हमें प्राणवायु आक्सीजन, फल व फूल प्रदान करते हैं। इस लिए हम सब को प्रतिवर्ष कम से कम से तीन पौधे लगाकर उनका लालन-पालन करना चाहिए। इस अवसर पर मंडी सचिव सचिन शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार हाशिम अहमद, नौशाद सैफी, मरगूब हुसैन नासिर, अशरफ अली, शादाब ज़फ़र, डॉक्टर वसीम बारी, आफताब आलम, अल्ताफ रजा, मयंक कश्यप, शमीम सिद्दीकी, नसीम उस्मानी, सुहेल राजू, जूनियर रिपोर्टर अमन व हंजला उस्मानी आदि संगठन के लोग मौजूद रहे।

## गाली-गलौच व धमकी देने वाले युवकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम शेखपुर गढ़ू निवासी विवेक कुमार पुत्र नंदराम प्रजापति ने थाना पुलिस को दिये प्रार्थना पत्र में कहा कि वह 19 जुलाई को बुंदकी मिल पर अपने साले के साथ एक दुकान से मिठाई ले रहा था, इसी दौरान वहां पहुंचे दो युवकों ने उससे सिगरेट लाने को कहा। उसके मना करने पर दोनों युवकों ने उसके साथ गाली-गलौच की। बाद में अपनी ससुराल हरगनपुर से लौटते समय उक्त दोनों युवक फिर उसे रास्ते में मिले, जिन्होंने हरगनपुर आकर उसे मारने की बात कही। यह भी आरोप है कि उक्त युवकों ने उसके लिए सोशल मीडिया पर स्टेटस लगाकर उसकी उल्टी गिनती शुरू होने की बात लिखी है। पीड़ित ने पुलिस से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई कराने की मांग की।

## ओबीसी वर्ग पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग ने सौंपा ज्ञापन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग की ओर से उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव के आह्वान पर जिलाध्यक्ष मोहित प्रजापति के नेतृत्व में ओबीसी वर्ग के साथ हो रहे कथित अन्याय, शोषण और अत्याचारों के विरोध में राष्ट्रपति को संबोधित मांग पत्र जिलाधिकारी बिजनौर को सौंपा गया। जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में ज्ञापन एक्स्ट्रा मजिस्ट्रेट को दिया गया। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद से प्रदेश में ओबीसी वर्ग के साथ अत्याचार, फर्जी एनकाउंटर, थानों में कस्टोडियल मौत और हत्याओं की घटनाओं को लेकर गंभीर चिंता बनी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि हिंदुत्व के नाम पर ओबीसी वर्ग को गुमराह किया गया तथा शासन-प्रशासन के कथित दोहरे रवैये के कारण यह वर्ग खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। कांग्रेस नेताओं ने राष्ट्रपति से मांग की कि उत्तर प्रदेश में पिछड़े वर्ग के लोगों के साथ हो रहे अन्याय, शोषण और हत्या की घटनाओं पर शासन-प्रशासन का संज्ञान लिया जाए तथा ओबीसी वर्ग को सुरक्षा और संरक्षण प्रदान किया जाए। इस अवसर पर पीसीसी सदस्य एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष संगठन नजाकत अल्वी, जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के जिलाध्यक्ष मोहित प्रजापति, पूर्व प्रदेश सचिव नीरज चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मुजफ्फरनगर प्रभारी चौधरी जसवेंद्र सिंह, कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सरफराज मलिक, पूर्व कमिश्नर आरके सिंह, अल्पसंख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष वसीम अकरम, राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन पश्चिमी जोन के सचिव अब्दुल समद आजाद, पीसीसी सदस्य एवं पूर्व नहटौर विधानसभा प्रत्याशी मीनाक्षी सिंह, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष एडवोकेट खालिद अंसारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके अलावा मेराज सिद्दीकी, अनिल कुमार एडवोकेट, सदीलाल मारवाड़ी, नदीम नजाकत खां, ऋषिराम सिंह सैनी, बलराम सिंह, सुकंदी सिंह, हरिराज सिंह, मो. अकील, दीपक कुमार, मो. अजमल, किजी आतिफ, इकबाल ठेकेदार, वसीम रजा, शमीम कुरैशी आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



धमाका धमाका धमाका

पुरानी के बदले नयी केवल आधे पैसों में

कोई भी कान की पुरानी मशीन
कमर की कोई भी पुरानी बैल्ट
( दर्द के लिए या ऑप्रेशन के बाद )
कोई भी Knee Cap
( घुटनों पर चढ़ाने वाली पट्टी )

**कोई भी शुगर चैक करने की पुरानी मशीन लायें और नई ले जायें**

हमारें यहाँ बड़े व्यक्तियों के लिए डायपर (Adult Diapper) लेटरिन कुर्सी, स्टूल व पोट, यूरिन पोट, व्हील चेयर, बैसाखी, वॉकर, सिकाई करने वाली बोतल, गरम पट्टी (Crape Bandage), Knee Cap, बेल्ट कमर दर्द के लिए, कॉलर, गले के लिए, Dextrose की बोतल, ऑप्रेशन के बाद बंधने वाली बेल्ट, हरनिया बेल्ट, Anti Dandruff Shampoo, Hand Sanitizer, हाथ धोने के लिए (Cotton, Bandage, Glycerin), मरीजों के लिए (Air Bed, Water Bed) आदि सभी सर्जिकल सामान थोक के उचित मूल्यों पर मिलते है। **पुरानी मशीन की रिपेयर भी होती है।**

**गोयल मेडिकल स्टोर**
नवयुग मार्केट, निकट रोहित होटल, बिजनौर
फोन - 9411012482, 8273387326
**नौकरी के लिये युवक-युवतियां सम्पर्क करें।**

# गांव में नहीं होती सफाई, गंदगी से अटा अथाई



**खासपुरा ( चिंगारी )।** एक तरफ जहां सरकार स्वच्छता अभियान चला रही है, और स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर नूरपुर ब्लॉक के ग्राम अथाई जमरूद्दीन में नियुक्त सफाईकर्मी नदारद रहते हैं। अधिकतर सफाईकर्मी अधिकारियों व प्रधानों की सेवा कर रहे हैं।

नालियों की सफाई न होने से बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों नदीम, सरफराज, इशरत, शरीफ का कहना है गांवों को साफ स्वच्छ बनाने के लिए भले ही लाखों रुपये खर्च किए गये हों, लेकिन अभी भी अथाई जमरूद्दीन ग्राम पंचायत में नालियों की सफाई नहीं होने से आ रही बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। सफाई नहीं होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। ग्राम प्रधान की अनदेखी के कारण गंदगी का अंबार लगा हुआ है। इसका खामियाजा ग्रामीणों और स्कूल जाने वाले बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। वहीं नाले-नालियां भी जाम होने से गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है।



### प्रधान की बेबसी..

ग्राम प्रधान रोशन जहां का कहना है- गांव में 2 सफाई कर्मचारी हैं, लेकिन वह उनकी भी नहीं सुनते मेरा थोड़ा स्वास्थ्य खराब है, और जल्दी ही मोहल्ले और नालियों की सफाई कराई जाएगी।

### ग्रामीणों का सवाल..

ग्रामीणों का सवाल यह है कि जब ग्राम प्रधान की सफाई कर्मचारी नहीं सुन रहे तो, इनकी बिना काम के हाजिरी क्यों लगाई जा रही है? सफाई कर्मचारी जितेंद्र कुमार का कहना है- जहां ग्राम प्रधान बताते हैं, वहां सफाई करने जाते हैं और जो आरोप लगा रही हैं कि सुनते नहीं सफाई कर्मचारी, हम उनके कहे अनुसार ही गांव में कार्य करते हैं।

### सेक्रेट्री का कहना है..

सफाई कर्मचारी नियमित कार्य करते हैं, अगर सफाई कर्मचारी प्रधान की बात नहीं सुनते हैं तो उनको एब्सेंट लगाने का पूरा अधिकार है। कल गांव अथाई जमरूद्दीन में जाकर सफाई कार्य कराया जाएगा। ग्राम सचिव विकास कुमार

## बैंक का स्थापना दिवस मनाया

**शेरकोट ( चिंगारी )।** सोमवार को बैंक ऑफ़ बड़ौदा का 119 वां स्थापना दिवस शेरकोट शाखा में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बैंक को भव्य ढंग से सजाया गया और मिठाई वितरित कर खाताधारकों को योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।



टैम्पू स्टैंड मार्ग पर स्थित बैंक ऑफ़ बड़ौदा की शाखा को कल कर्मचारियों द्वारा मनमोहक ढंग से सजाया गया। बैंक प्रबंधक शैलेंद्र भट्ट ने स्टाफ व खाताधारकों को मिठाई वितरित कर बैंक स्थापना के 119 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने की शुभकामनाएं दी गईं। उन्होंने खाताधारकों को बैंक द्वारा प्रदान की जा रही बेहतर सुविधाओं की जानकारी देते हुए कहा कि बैंक ऑफ़ बड़ौदा बैंक द्वारा समय पर विभिन्न योजनाएं चलाकर अपने उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाया जाता है। उन्होंने कहा बैंक में सुविधाओं के साथ बैंककर्मी खाताधारकों का सम्मान भी करते हैं। इस अवसर पर धीरेन्द्र कुमार, प्रीतम सिंह, देवेन्द्र कुमार, जेपी सिंह, हिमांशु चौहान आदि लोग बैंक कर्मी और खाताधारक उपस्थित रहे।

# कांवड़ यात्रा के नाम पर पेड़ों की लूट

## टहनियों की छंटाई के नाम पर पेड़ों को ही काट ले गये



**पैजनिया ( चिंगारी )।** कांवड़ यात्रा के मद्देनजर पेड़ों की टहनियों की छंटाई करने के निर्देश अधिकारियों ने दिए थे, लेकिन वन विभाग के अधिकारियों और लकड़ी ठेकेदारों की लॉटरी खुल गई। छंटाई के नाम पर वन विभाग के अधिकारियों ने ठेकेदारों को जमीन से पेड़ काटने का अधिकार दे दिया और ठेकेदार रात को चोरी से और दिनदहाड़े बड़े पेड़ काटकर वारे के न्यारे कर रहे हैं। यह मामला आज किसी राहगीर ने अपनी कार से जाते हुए मोबाइल पर रिकॉर्ड कर लिया, जिसका वीडियो वायरल होने पर सच्चाई का खुलासा हुआ। वन विभाग के अधिकारियों से इस संबंध में बात की गई तो अटपटे बयान दे रहे हैं। राम मंदिर में जिस तरह से चंदा चोरी हुआ है, उसी तर्ज पर अब वन विभाग के अधिकारी चल पड़े हैं। टहनियों की जगह बड़े पेड़ चोरी करने में लगे हुए हैं। कांवड़ यात्रा की आस्था के नाम पर वन विभाग के अधिकारी लूट खसोट मचा रहे हैं। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी दुष्यंत कुमार ने बताया कि कांवड़ यात्र के रास्तों में पड़ने वाले पेड़ों की कल्प छटाई होती जिसको आसपास के लोग उठा ले जाते, बड़े पेड़ रेंज में जमा होते हैं, अगर बड़े पड़े कटे तो समचार के आधार पर जांच होगी, फिर उसके बाद कार्यवाही की जायेगी।

## अष्टाहनिका पर्व का शुभारंभ



**किरतपुर ( चिंगारी )।** श्री आदिनाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर में अष्टहनिका पर्व विधि विधान के साथ प्रारंभ हो गया है। इस अवसर पर सर्वप्रथम श्री जी का जलाभिषेक किया गया, उसके पश्चात भक्तों द्वारा सिद्ध पूजा के साथ नंदीश्वर दीप की भी विशेष पूजा की गई तथा जलाभिषेक के पश्चात शांति धारा की गई, जिसमें विश्व कल्याण के हेतु प्रार्थना की गई। इस अवसर पर अनिल जैन, संजय जैन, सुनील जैन, वैभव जैन, सविता जैन, कुमकुम जैन, बबिता जैन, शालिनी जैन आदि श्रावकों ने उपस्थित रहकर धर्म लाभ प्राप्त किया।






# ग्राम प्रधानों ने किया जोरदार प्रदर्शन

## 23 सूत्रीय मांगों को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**बिजनौर( चिंगारी )।** जिले भर के करीब 500 ग्राम प्रधानों ने सोमवार को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर जिलाधिकारी जसजीत कौर को 23 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। ग्राम प्रधानों ने कहा कि पंचायतों से जुड़ी समस्याओं को कई बार अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया, लेकिन उनका समाधान नहीं हुआ। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्याओं का निस्तारण नहीं किया गया तो ग्राम प्रधान सामूहिक रूप से अपने पद से इस्तीफा देने के लिए विवश होंगे।




ज्ञापन में गरीबों के राशन कार्ड व मनरेगा जॉब कार्ड बनवाने, आवास योजना का पारदर्शी लाभ दिलाने, पंचायतों की विकास निधि बढ़ाने, झूठी शिकायतों पर कार्रवाई रोकने, टूटी सड़कों व नालियों की मरम्मत, अवैध कब्जे हटाने, सफाई व्यवस्था मजबूत करने, जल निगम द्वारा क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत समेत विभिन्न मांगें शामिल हैं।

प्रदर्शन का नेतृत्व जिला अध्यक्ष प्रधान सचिन मलिक ने किया। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष मनवीर चौधरी, जितेंद्र सहित जमील अहमद, अफसर, मंसूर, अकरम, राजीव, बबलू, नवनीत, सौरभ त्यागी, महीपाल, सत्येंद्र, जगदीश, लाल सिंह, अंकुल, धूम सिंह, सचिन, प्रशांत, वरुण समेत बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# प्रशासक बनने पर ब्लॉक प्रमुख क्षमा हेमलता का स्वागत किया

**धामपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ब्लॉक प्रमुख क्षमा हेमलता चौहान का 5 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो जाने के बाद 6 माह के लिए प्रशासक के रूप में उनका कार्यकाल बढ़ाए जाने पर ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने सोमवार को खंड विकास कार्यालय परिसर स्थित मास्टर होरी सिंह स्मृति सभागार में उनके सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान सभागार खंड विकास अधिकारी त्रिलोक चंद सहित अनेक अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी ग्राम्य विकास सहित पंचायत सचिव अमित कुमार, राजीव कुमार, दिव्यांशु चौहान, कृपाल सिंह, सौरभ सिंह, ज्योति रानी, नीरज कुमार, विनीत कुमार आदि अन्य अधिकारी और अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे। खंड विकास अधिकारी त्रिलोकचंद ने बताया कि ब्लॉक प्रमुख के रूप में क्षमा हेमलता चौहान ने 19 जुलाई 2021 को शपथ ग्रहण की थी और 19 जुलाई 2026 को उनका 5 वर्ष का ऐतिहासिक एवं गौरवशाली कार्यकाल पूर्ण हो जाने के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 6 माह का कार्यकाल बढ़ाते हुए उन्हें प्रशासक बनाया गया है। कार्यक्रम का कुशल एवं प्रभावी संचालन खंड विकास कार्यालय के सहायक विकास अधिकारी ग्राम्य विकास हिमांशु चौहान ने किया।



# कलेक्ट्रेट का घेराव करने के लिए नूरपुर ब्लॉक के किसान बिजनौर पहुंचे



**नूरपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर कलेक्ट्रेट का घेराव कर अपनी मांगों को मनवाने के लिए भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का जत्था ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चन्द्रपाल सिंह के नेतृत्व में बिजनौर के लिए रवाना हुआ। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चन्द्रपाल सिंह ने कहा कि सरकार की दमनकारी निति के विरुद्ध राष्ट्रीय नेतृत्व ने प्रदेश के मुख्यालयों पर प्रदर्शन करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन बेलगाम हो गया है। भाकियू कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे दर्ज कर उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। किसानों का उत्पीड़न किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुकदमे वापस होने तक प्रदर्शन जारी रहेगा। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री मास्टर देवेन्द्र सिंह, शीशपाल सिंह, ऋषिपाल सिंह, लोकेश कुमार, विनीत धनकड़, समरपाल यादव, दुष्यंत यादव, कल्याण सिंह, कोकिल चौधरी, गफ्फार अहमद, डॉ. इशरत अली वारसी, कफ़ील सैफ़ी, रियाजुद्दीन, अशफ़ाक अहमद, उबैद मिकरानी, कावेंद्र चौधरी, अभय चौधरी, रोहिताश सिंह, फहीम अहमद, नासिर मलिक समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# माही अंसारी ने किया नाम रोशन

**स्योहारा ( चिंगारी )।** नगर में स्थित पैथोलॉजी लैब के संचालक डाक्टर आशिफ अंसारी की पुत्री माही अंसारी ने नीट की परीक्षा पास कर नगर का नाम रोशन किया। माही अंसारी ने 12 वीं कक्षा की पढ़ाई सेंटमेरी स्कूल से पास की और दिल्ली में दो वर्ष से नीट परीक्षा की तैयारी की थी। माही अंसारी ने आल इंडिया रैंक 9367 प्राप्त की है। माही अंसारी के नीट परीक्षा पास करने पर नगर के प्रसिद्ध डाक्टर मनोज वर्मा ने बधाई देते हुए कहा कि नगर के बच्चे अलग-अलग क्षेत्र में बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। इसी क्रम में माही अंसारी ने नगर का नाम रोशन किया है।



# सत्यवीरा कॉलेज में शत-प्रतिशत रहा बीए का परीक्षाफल



**बिजनौर( चिंगारी )।** कुंवर सत्यवीरा डिग्री कॉलेज, बिजनौर के बी.ए. तृतीय वर्ष (षष्ठम सेमेस्टर) का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम में प्रथम स्थान आयुषी कुमारी, द्वितीय स्थान अनम कमाल, आन्या गोयल तथा तृतीय स्थान कुमारी गुंजन ने प्राप्त किया। अन्य विद्यार्थियों ने भी प्रथम श्रेणी एवं उत्कृष्ट अंकों के साथ सफलता अर्जित कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। महाविद्यालय प्रबंधन एवं प्राचार्य प्रो.(डॉ.) महेंद्र सिंह कौरव ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विभागाध्यक्ष रवि कुमार एवं प्राध्यापकों डॉ. शबनम कुरेशी, आदिल खान, सारिका चौधरी, देवकी रावत, मनीषा रानी एवं अनुज कुमार ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# शिक्षकों ने लिया सुनीत गिरि को सफल बनाने का संकल्प

**धामपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शाखा आरएसएम इंटर कॉलेज में एक बैठक आहूत की गई। बैठक में जिला मंत्री विनोद कुमार ने अवगत कराया कि संगठन द्वारा बरेली-मुरादाबाद शिक्षक निर्वाचन खंड से डॉक्टर सुनित गिरि को अधिकृत प्रत्याशी के रूप में घोषित किया गया है, जिससे शिक्षकों में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर शिक्षकों की समस्याओं हेतु 1 अप्रैल 2005 के बाद नियुक्त शिक्षकों की पुरानी पेंशन, वित्तहीन शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन, स्नातक वेतन क्रम में चयन वेतनमान प्राप्त करने वाले शिक्षकों की प्रवक्ता वेतन क्रम में पदोन्नति होने पर एक वेतन वृद्धि दिलाए जाने आदि पर चर्चा की गई। बैठक को महिला उपाध्यक्ष अमन प्रीत कौर, विकास कुमार अग्रवाल तथा प्रधानाचार्य ओपी यादव ने भी संबोधित किया।



वीर सिंह, राजेंद्र सिंह, देवानंद राय, रणजीत सिंह, वीरेंद्र सिंह, असित कुमार, शांति प्रकाश, सुनील कुमार, राजेंद्र सिंह, शैलेंद्र सिंह, अतर सिंह, बिन्टू सिंह, जसवंत सिंह, राजेंद्र जोशी, श्रीमती रीता देवी, सीमा राजपूत, पुष्पा गहलोत, गायत्री देवी, ज्योति रानी, स्वाति रानी व कल्पना राजपूत आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता शाखा उपाध्यक्ष देवराज सिंह तथा संचालन अरविंद कुमार शाखा मंत्री ने किया।

# गंदगी का पर्याय बना सामुदायिक शौचालय

**पैजनिया ( चिंगारी )।** कांवड़ यात्रा के मुख्य मार्ग के किनारे पैजनिया पुलिस चौकी की बगल में स्वच्छ भारत मिशन ग्राम एवं वित्त आयोग द्वारा निर्मित सामुदायिक शौचालय अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं। विकास खंड नूरपुर के गांव पैजनिया में वर्ष 2020 में बनाए गए इन शौचालयों में लबालब गंदगी भरी हुई है। साथ ही ये कुत्तों के आरामगाह भी बने हुए हैं। इन शौचालयों की सीट, पानी के टैंक टूटे हुए हैं। पांच साल पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस सामुदायिक शौचालय का वर्चुअल लोकार्पण किया था। काफी दिनों तक इनकी सफाई व्यवस्था व देखभाल ठीक रही, परंतु वर्तमान ग्राम प्रधान नंदकिशोर फौजी के कार्यकाल में इन शौचालयों का कोई पुरसाहाल नहीं है।

इस संबंध में विशेष त्यागी का कहना है कि शौचालय से इतनी बदबू आती है, लोग उनमें लघुशंका जाने से कतराते हैं। पूर्व ग्राम प्रधान पति देवेंद्र त्यागी ने बताया कि उनके कार्यकाल में शौचालय की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाता था। दर्जनों ग्रामीण प्रतिदिन



शौचालयों में शौच करने जाते थे, परंतु वर्तमान में इन शौचालयों को लावारिस हालत में छोड़ दिया गया है।

ग्रामीण सौरभ कुमार ने बताया कि इन शौचालयों में इतनी सड़न पैदा हो गई है कि ग्रामीण खेतों में शौच करने जाने लगे हैं। सचिन कुमार ने बताया कि शौचालयों से उठती दुर्गंध से नहटौर-चांदपुर मार्ग से गुजरने वाले राहगीर एवं कांवड़ती आहत हैं। वर्तमान ग्राम प्रधान नंदकिशोर फौजी का कहना है कि उनके कार्यकाल में शौचालयों की प्राथमिकता के आधार पर देखभाल की गई है। परंतु वर्तमान में उनके द्वारा मरम्मत कार्य कराने का अधिकार नहीं है।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार ?

**इस संबंध में विकास खंड अधिकारी नूरपुर दिनेशपाल शर्मा ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। एडीओ पंचायत व पंचायत सेक्रेटरी को निर्देशित किया गया है, जल्द ही शौचालयों की मरम्मत व सफाई कराई जाएगी।**

# एएसपी व सीओ ने किया कांवड़ मार्गों का निरीक्षण

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** श्रावण मास में शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा और महाशिवरात्रि पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कांवड़ यात्रा को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद ने थाना नजीबाबाद क्षेत्र में कांवड़ यात्रा मार्गों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और श्रद्धालुओं के लिए की गई अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मार्गों पर बैरिकेडिंग, ड्यूटी प्वाइंट, सीसीटीवी कैमरे, प्रकाश व्यवस्था और प्राथमिक उपचार की स्थिति को भी परखा



गया। इस दौरान अधिकारियों ने दिशा-निर्देश भी दिए। कांवड़ यात्रा 28 जुलाई से आरंभ होगी। पुलिस प्रशासन द्वारा यात्रा मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, रूट डायवर्जन, एम्बुलेंस और जलपान की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने आमजन से भी अपील की कि वे पुलिस प्रशासन का सहयोग करें और यात्रा के दौरान यातायात नियमों का पालन करें।

# मुख्यमंत्री धामी ने किया परियोजनाओं का भूमि पूजन

**हरिद्वार ( चिंगारी )। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार गंगा कॉरिडोर के अंतर्गत लगभग 235 करोड़ रुपये की विभिन्न आधारभूत अवसंरचना परियोजनाओं का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया।**

उत्तराखण्ड निवेश एवं आधारिक संरचना विकास बोर्ड (यूआईआईडीबी) द्वारा संचालित इन परियोजनाओं का उद्देश्य हरिद्वार में आधुनिक, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित सुविधाओं का विकास करना है।



अलकनंदा होटल हरिद्वार में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने 43.25 करोड़ रुपये की लागत से प्रशासनिक मार्ग परियोजना का भूमि पूजन किया। साथ ही 66.76 करोड़ रुपये की लागत से हर की पैड़ी एवं सुभाष घाट के पुनरुद्धार, 66.34 करोड़ रुपये की लागत से हर की पैड़ी के उत्तर क्षेत्र में आधारभूत अवसंरचना विकास तथा 58.84 करोड़ रुपये की लागत से रोड़ी बेलवाला क्षेत्र के पुनरुद्धार कार्यों का शिलान्यास किया।


DMF धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड

सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा

Salaried Loan
अब खास आपके लिए

लोन लेना हुआ और भी आसान

अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।

हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
- तेज़ और आसान प्रक्रिया
- न्यूनतम दस्तावेज़
- आकर्षक ब्याज दर
- आसान EMI सुविधा
- शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट

पात्रता (Eligibility)
- सरकारी कर्मचारी
- प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
- नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति



अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com


# यातायात नियमों का बार-बार उल्लंघन करने वाले 54 लोगों का ड्राइविंग लाइसेंस होगा निलम्बित

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद में सड़क सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए यातायात पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में बार-बार यातायात नियमों का उल्लंघन करने, शराब पीकर वाहन चलाने तथा खतरनाक ढंग से वाहन चलाने वाले चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) निलंबित करने के लिए सक्षम अधिकारी को रिपोर्ट भेजी गई है। यातायात पुलिस के अनुसार सोमवार को कुल 54 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए जाने की संस्तुति की गई। इनमें बिना हेलमेट वाहन चलाने के 46 मामले, शराब पीकर वाहन चलाने (ड्रंक एंड



ड्राइविंग) के सात मामले तथा खतरनाक तरीके से वाहन चलाने का एक मामला शामिल है। पुलिस का कहना है कि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है। नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। उधर, यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें, निर्धारित गति सीमा का पालन करें तथा शराब पीकर वाहन चलाने से बचें। नियमों का उल्लंघन करने पर न केवल जुर्माना लगाया जाएगा, बल्कि ड्राइविंग लाइसेंस के निलंबन अथवा वाहन पंजीकरण के विरुद्ध भी कार्रवाई की जा सकती है।

# गश्त के दौरान बाघ ने वनकर्मी पर किया हमला

**अफजलगढ़ (चिंगारी)। कार्बेट टाइगर रिजर्व में बाघ ने वनकर्मियों पर गश्त के दौरान एक वनकर्मी पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल किया। टीम में शामिल अन्य साथियों ने हवाई फायरिंग कर दैनिक श्रमिक को बाघ के चंगुल से बचाकर सुरक्षित अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।**


अस्पताल में भर्ती दैनिक श्रमिक।

जानकारी के अनुसार कार्बेट टाइगर रिजर्व के सर्पदुली रेंज में दैनिक श्रमिक के रूप में कार्यरत ग्राम सुंदरखाल निवासी पीतांबर सौनी (30) पुत्र मोहनराम सोमवार शाम को चार बजे के करीब वनकर्मी योगेंद्र रावत, नवीन, दैनिक श्रमिक पीतांबर सौनी, रामनाथ, मनोज कुमार के साथ जंगल से गश्त करके सर्पदुली कैंपस में वापस लौट रहे थे। बताया जाता है कि चारों वनकर्मी आगे चल रहे थे, जबकि पीतांबर सबसे पीछे था। वनकर्मियों के पास सुरक्षा के लिए बंदूक व लाठियां थीं, तभी झाड़ी में घात लगाकर बैठे बाघ ने पीतांबर पर हमला कर दिया। बाघ के अचानक हुए इस हमले में पीतांबर जमीन पर नीचे गिर गया। इसके बाद बाघ उसे अपने जबड़े में दबोचने का प्रयास करने लगा। यह देख एक वन वनकर्मी ने बिना समय गंवाए बाघ को भगाने के लिए सरकारी बंदूक से कई राउंड हवाई फायरिंग की और अन्य वनकर्मी शोर मचाते हुए जमीन पर लाठी फटकारते रहे। जिसके चलते हमलावर बाघ पीतांबर पर अपनी पकड़ नहीं बना सका और वहां से भाग गया। साथी वनकर्मी पीतांबर को तत्काल सुरक्षित स्थान तक लाए और फोन से अधिकारियों को सूचना दी। जिसके बाद घायल पीतांबर को सरकारी अस्पताल लाया गया। इस संबंध में कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के डायरेक्टर डॉक्टर साकेत बडोला का कहना है कि वनकर्मी की हालत खतरे से बाहर है। उसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए काशीपुर के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।

### ये दिशा निर्देश हैं..

**मानसून में जंगल घने हो गए हैं। ऐसे में मानसून गश्त के दौरान विभाग की ओर से दिशा निर्देश भी जारी किए हैं। इसमें कहा गया है कि जंगल में गश्त के दौरान बिना सुरक्षा उपकरण के कोई नहीं जाएगा। गश्त में अधिकतम पांच-छह लोग साथ में जाएंगे। साथ में बंदूक, स्मार्ट स्टिक, लाठी आदि अवश्य रखनी होगी। गश्त में चलते समय वनकर्मियों में ज्यादा दूरी न हो। थकान लगने पर बैठने पर चारों ओर को मुंह करके बैठे, ताकि बाघ दिख जाए।**

# खटके में फंसा गुलदार

**चांदपुर (चिंगारी)।** बीती रात बास्टा के नजदीक खेत में लगे खटके में एक गुलदार फंस गया। यह खबर सुनकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। बाद में मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम गुलदार को वन विभाग कार्यालय ले आई। बास्टा के नजदीक बमनौली मार्ग पर आज सुबह लोगों ने गुलदार को खटके में फंसा देख, वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे वनकर्मियों ने जाल द्वारा गुलदार को अपने कब्जे में किया तथा उसको नगर स्थित वन कार्यालय पर ले आए। ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र के ग्राम जलालुद्दीनपुर,बास्टा रोड, नहटौर रोड सहित कई स्थानों पर गुलदार दिखाई दिया है। कुछ दिन गुलदार ने चांदपुर से अपने गांव जा रहे मुंदरा निवासी एक व्यक्ति पर हमला भी कर दिया था।


गुलदार को कब्जे में लेते वनकर्मी

# शराब की दुकान में चोरी

**चांदपुर (चिंगारी)। थाने में दी गई तहरीर में ग्राम गालिबपुर निवासी यशवीर सिंह ने बताया कि ग्राम रामपुर नजराना में उनकी अंग्रेजी व देशी शराब की दुकान है। चोरों ने अंग्रेजी शराब की दुकान का शटर व जाल तोड़कर वहां से 71800 रूपये की नकदी, बीयर की 6 पेटी व एक बोतल 100 पाइपर की चोरी कर ली, जबकि चोर देशी शराब की दुकान की खिड़की तोड़कर वहां से दो हजार रुपए चोरी कर लिये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।**

# विद्यार्थियों की वेश प्रतियोगिता हुई



**चांदपुर (चिंगारी)।** सरस्वती विद्या मंदिर, चांदपुर में छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से वेश प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से कक्षा 12 तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य नवनीत कुमार ने छात्र-छात्राओं के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों के आत्मा विश्वास को बढ़ाने में सहायक होती हैं। कार्यक्रम में श्रीमती पूजा शर्मा, श्रीमती वैशाली वर्मा, श्रीमती राखी शर्मा, श्रीमती रिंकी वर्मा, श्रीमती मोनिका पारस, श्रीमती सीमा रानी, श्रीमती शिखा देवी, श्रीमती निधि गुप्ता, श्रीमती मूर्ति देवी आदि सभी उपस्थित अतिथियों को पवित्र ग्रन्थ श्रीमद् भागवदगीता सप्रेम भेंट की गई। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती पूजा शर्मा (प्राइमरी विंग कोर्डिनेटर) एवं (सामाजिक विज्ञान अध्यापक) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

# ग्रामीण को सांप ने डसा, हालत नाजुक

**मंडावर (चिंगारी)। मंडावर क्षेत्र के ग्राम कोहरपुर निवासी हरपाल सिंह रविवार की सुबह शौचालय गये थे। तभी ईंटों में छिपे कोबरा सांप ने उनके पैर में डस लिया। तुरंत 108 एंबुलेंस से हरपाल सिंह को बिजनौर ले जाया गया। वहां उनकी हालत नाजुक देखकर चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रैफर कर दिया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। किंग कोबरा के अत्यंत आक्रामक और खतरनाक होने के कारण टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी। कड़ी मेहनत के बाद वनकर्मियों ने सांप को पकड़ा।**

## कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी ऑकू नहटौर

पत्रांक :- बेसिक/ख.शि./154/2026-27 दिनांक:- 16/07/2026

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विकास क्षेत्र ऑकू के 15 (पन्द्रह) परिषदीय विद्यालयों में स्थित जर्जर भवनों की नीलामी दिनांक 24.07.2026 को प्रातः 10:00 बजे से को बी.आर.सी. ऑकू के मीटिंग हॉल में की जानी है। निष्प्रयोजन भवनों का अवलोकन सम्बंधित विद्यालयों में जाकर किया जा सकता है। जर्जर भवनों की सूची व नीलामी की शर्तें बी.आर.सी. कार्यालय ऑकू पर चस्पां हैं।

**खण्ड शिक्षा अधिकारी**
**वि.क्षे. - ऑकू (नहटौर)**

# विद्युत करंट की चपेट में आकर पिकअप चालक की मौत

## बूंदाबांदी के चलते गाड़ी पर तिरपाल बांध रहा था

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** हाई वोल्टेज विद्युत करंट की चपेट में आकर एक पिकअप चालक की मौत हो गई। कोतवाली अफजलगढ़ क्षेत्र के पुराना कालागढ़ निवासी का 52 वर्षीय विजेंद्र सिंह आज प्रातः भिक्कावाला बिजलीघर रोड स्थित एक डेरे पर गया, जहां से उसे कुछ सवारियां लेकर जाना था। बूंदाबांदी की वजह से विजेंद्र सिंह गाड़ी पर लोहे के पाइप की सहायता से तिरपाल बांध रहा था कि ऊपर से गुजर रहे हाई वोल्टेज विद्युत तार के करंट की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तुरंत ही अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। हादसे से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है। अफजलगढ़ कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि इस संबंधित कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।


मृतक का फाइल फोटो

### डेढ़ साल पहले जवान बेटे की मौत हुई थी

**मृतक विजेंद्र सिंह के 22 वर्षीय पुत्र की भी डेढ़ वर्ष पूर्व अफजलगढ़-कालागढ़ रोड पर एक डम्पर से कुचलकर मौत हो गई थी। परिवार अभी उसकी मौत के सदमे से उभर भी नहीं पाया था कि विजेंद्र सिंह की मौत ने परिजनों को अधमरा कर डाला।**

# महंत राजू दास महाराज का जन्मोत्सव मनाया



**किरतपुर (चिंगारी)।** हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी अयोध्या जी धाम के महंत राजू दास महाराज जी का जन्मोत्सव बड़ी ही धूमधाम से उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में मनाया गया। जनपद बिजनौर में भी कई जगहों पर जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में हनुमान चालीसा का पाठ कर महाराज जी की दीर्घायु की कामना करते हुए प्रसाद वितरण किया गया। वृक्षारोपण, धार्मिक स्थलों की सफाई व भंडारों का आयोजन भी किया गया। संगठन के प्रदेश संगठन महामंत्री अवधेश शर्मा कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर टिंकु विश्वकर्मा (जिला महामंत्री), मनोज चौहान (जिला महामंत्री), देवराज सिंह, अमित यादव, सौरभ शर्मा (जिला उपाध्यक्ष), हिमांशु चौहान (जिला मंत्री), टीकम सिंह फौजी (विधानसभा अध्यक्ष), तनुज सनातनी (जिला प्रवक्ता), अनुराग शर्मा (जिला कोषाध्यक्ष), सुरेंद्र कुमार (ब्लॉक उपाध्यक्ष), अंकित चौहान (ब्लॉक महामंत्री), राहुल सूर्यवंशी (ब्लॉक महामंत्री, किरतपुर), रुद्राक्ष वशिष्ठ, राजवीर सिंह, मुकेश शर्मा एवं जयवीर सिंह की उपस्थिति रही। महिला मोर्चा से उमेश देवी (जिला अध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ), प्रेमलता (जिला मंत्री), प्रीति राजपूत, अनिता राजपूत, रीता देवी, शोभा राजपूत एवं हेमलता राजपूत की सहभागिता ने कार्यक्रम को और अधिक गौरव प्रदान किया।

# बारिश के चलते चारधाम और हेमकुंड साहिब यात्रा अस्थायी रूप से रोकी गई

**देहरादून ( चिंगारी )।** उत्तराखंड में लगातार हो रही भारी बारिश के चलते चारधाम यात्रा और हेमकुंड साहिब यात्रा को अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। प्रशासन ने यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया है। अधिकारियों के अनुसार, मौसम और परिस्थितियां सामान्य होने के बाद यात्रा संचालन फिर से शुरू किया जाएगा।

मौसम विभाग ने आज भी प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। लगातार बारिश के कारण पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन और सड़कें क्षतिग्रस्त होने की आशंका बनी हुई है। इसे देखते हुए प्रशासन और आपदा प्रबंधन तंत्र लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।




वहीं, भारी बारिश के कारण देहरादून–मसूरी मार्ग पर आवाजाही पूरी तरह बंद कर दी गई है। मार्ग पर सड़क क्षतिग्रस्त होने के बाद प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर यातायात रोक दिया है। राज्य में बारिश का असर सड़क संपर्क पर भी पड़ा है। एक राष्ट्रीय राजमार्ग समेत कुल 98 सड़क मार्ग बंद बताए जा रहे हैं। लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और संबंधित विभागों की टीमें बंद मार्गों को खोलने के लिए मौके पर काम कर रही हैं। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि मौसम खराब होने की स्थिति में अनावश्यक यात्रा से बचें और यात्रा से पहले सड़क एवं मौसम की स्थिति की जानकारी जरूर लें। अधिकारियों का कहना है कि परिस्थितियां सामान्य होते ही चारधाम और हेमकुंड साहिब यात्रा को फिर से शुरू कर दिया जाएगा।

# चुनावी तैयारी में जुटी भाजपा

## व्यापार प्रकोष्ठ के 19 जिला प्रभारियों की घोषणा

**देहरादून ( चिंगारी )।** वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में भाजपा के व्यापार प्रकोष्ठ ने प्रदेशभर में संगठन को मजबूत करने के लिए 19 जिला प्रभारियों की घोषणा की है।




भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के निर्देशन और प्रदेश प्रकोष्ठ संयोजक कौस्तुभानंद जोशी की सहमति के बाद प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक ने नई टीम का गठन किया है। नई जिम्मेदारियों के माध्यम से पार्टी का फोकस व्यापारी वर्ग के बीच संगठन की पहुंच मजबूत करने और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को अधिक से अधिक व्यापारियों तक पहुंचाने पर रहेगा।

भाजपा की रणनीति के तहत पांचों लोकसभा क्षेत्रों में व्यापार प्रकोष्ठ के नेटवर्क को मजबूत किया जाएगा। पार्टी संगठन बूथ स्तर से लेकर बाजार तक अपनी सक्रियता बढ़ाने की तैयारी में है। जिला प्रभारियों को स्थानीय व्यापारियों से संवाद स्थापित करने, उनकी समस्याओं को संगठन और सरकार तक पहुंचाने तथा सरकार की योजनाओं की जानकारी आम व्यापारियों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दी जाएगी।

# तीन वर्ष पूर्व बाढ़ में बह गई थी पुलिया

## पुर्निर्मिण पर किसी ने ध्यान नहीं दिया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत गबर सिंह कैंप कौड़िया के पास पनियाली गदेरे पर अगस्त 2023 की बाढ़ में बही पुलिया के स्थान पर तीन साल बाद भी नई पुलिया का निर्माण शुरू नहीं हो सका है, वहीं वर्तमान में बारिश के कारण अस्थायी वैकल्पिक मार्ग के भी क्षतिग्रस्त हो जाने से काशीरामपुर तल्ला की अनूप विहार कालोनी के लोगों को मुख्य बाजार आने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासी प्रदीप कुमार, बलबीर सिंह, गजे सिंह, मंगल सिंह व निर्मल रावत ने बताया कि वर्ष 2023 में अतिवृष्टि के दौरान आई बाढ़ में पुलिया बहने से काशीरामपुर तल्ला की अनूप विहार कॉलोनी का संपर्क मुख्य बाजार से कट गया था। वहीं सेना के गबर सिंह कैंप का प्रवेश द्वार भी क्षतिग्रस्त हुआ था। इसके बाद लोनिवि दुगड्डा ने करीब पांच लाख की लागत से तीन ह्यूम पाइप डालकर अस्थायी मार्ग तैयार कराया था। वर्तमान में बरसात के कारण सड़क व वैकल्पिक मार्ग की मिट्टी बहने से सड़क उबड़–खाबड़ हो गई है। कॉलोनी के लोगों को अपने वाहन रेलवे लाइन के दूसरी ओर खड़े करने पड़ रहे हैं। बाजार से लाया गया सामान रेलवे पटरी पार करते समय कंधों पर ढोना पड़ रहा है। स्कूली बच्चे भी प्रतिदिन रेलवे लाइन पार कर स्कूल जाने को मजबूर हैं जिससे हादसे का खतरा बना हुआ है। मौके पर उन्होंने शासन प्रशासन से शीघ्र पुलिया निर्माण की मांग की।

### अधिशासी अभियंता कहिन...

**वहीं इस संबंध में लोनिवि दुगड्डा के अधिशासी अभियंता निर्भय सिंह ने बताया कि पुल निर्माण की डीपीआर शासन को भेजी जा चुकी है, जिसकी प्रक्रिया गतिमान है। स्वीकृति मिलते ही पुलिया निर्माण कार्य आरंभ करा दिया जाएगा।**

# तालाब में रहकर मछलियों को बना रहा था आहार

## बीती रात जाल में फंस गया आखिरकार

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम रायपुर खास उर्फ मंडैयो में पछली पालन वाले तालाब में काफी दिनों से मछलियां खा रहा विशालकाय मगरमच्छ, विगत रात्रि जाल में फंस गया। सामाजिक वानिकी के वनकर्मियों ने मगरमच्छ को आज सुबह प्राकृतिक वास हेतु गंगा में छोड़ दिया। क्षेत्र के ग्राम रायपुर खास उर्फ मंडैयो में स्थित पंचायती तालाब में समीप के ग्राम दहीरपुर निवासी याकूब ने मछली पालन कर रखा है। उक्त तालाब में पिछले कई दिनों से एक विशालकाय मगरमच्छ देखा जा रहा था, जो खूब मछलियां खा रहा था। इससे मछलीपालक को काफी नुकसान पहुंच रहा था। उसने मगरमच्छ को पकड़ने के लिये तालाब में जाल लगाये हुए थे। विगत रात्रि लगभग 9 बजे उक्त



मगरमच्छ एक जाल में फंस गया। ग्रामीणों के सहयोग से याकूब ने मगरमच्छ को तालाब से बाहर निकालकर रस्सी से बांध दिया। सूचना पर सामाजिक वानिकी के वनकर्मी मौके पर पहुंचे। वन दरोगा विकास कुमार ने बताया कि दो वनकर्मियों ने पूरी रात पकड़े गये मगरमच्छ की निगरानी की।

आज सुबह मगरमच्छ को ट्रैक्टर–ट्रॉली द्वारा नांगल के सामने गंगा नदी पर ले जाकर प्राकृतिक वास हेतु गंगा में छोड़ दिया गया। वन दरोगा विकास कुमार ने बताया कि पकड़ा गया मगरमच्छ लगभग 8 फीट लंबा तथा करीब 90 किलोग्राम वजन का था। मगरमच्छ के पकड़े जाने पर मछलीपालक के साथ–साथ तालाब के आसपास रहने वाले ग्रामीणों ने बड़ी राहत महसूस की है।

# पर्वतीय ठेकेदार संघ समिति ने की निविदा प्रक्रिया में सुधार की मांग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पर्वतीय ठेकेदार संघ समिति दुगड्डा से जुड़े ठेकेदारों ने विभागीय कार्यों में पारदर्शिता, स्थानीय ठेकेदारों के हितों की सुरक्षा और निविदा प्रक्रिया में सुधार करने की मांग की है। इस संबंध में संघ की ओर से उपजिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में विभागीय कार्यों की निविदा प्रक्रिया में सुधार की आवश्यकता है। इससे सभी ठेकेदारों को कार्य करने का अवसर मिल सकेगा। ज्ञापन में जिला व राज्य योजना के अंतर्गत संपादित किए जाने वाले समस्त कार्यों की जानकारी सभी पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों को उपलब्ध कराने, निविदा प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने, विभाग द्वारा प्रकाशित की जाने वाली प्रत्येक निविदा की एक प्रति पर्वतीय ठेकेदार संघ समिति को भी उपलब्ध कराने, बड़े मूल्य के कार्यों की निविदाओं को छोटे–छोटे भागों में विभाजित कर आमंत्रित करने, पात्र एवं स्थानीय ठेकेदारों को प्राथमिकता दिए जाने के निर्देश जारी करने, निविदा की हार्ड कापी जमा कराते समय संबंधित अधिकारी द्वारा उसी समय निविदा की लिखित प्राप्ति रसीद उपलब्ध कराने व विभागीय कार्यालयों में ठेकेदारों के बैठने के लिए उचित व्यवस्था बनाने की मांग की गई है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि ऐसा न होने पर समिति आंदोलन के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में देवेंद्र पाल सिंह, किशोर कुमार लखेड़ा, आशीष रावत, राजीव कोठारी, भास्कर बड़थ्वाल, दिनेश रावत, दिलवर सिंह, नंदकिशोर डबराल, जयप्रकाश और गौरव रावत आदि ठेकेदार शामिल रहे।

### डीएम को भेजा ज्ञापन

# बेगम सराय के फारुक अंसारी का पुणे में इंतकाल

## परिजनों में मचा कोहराम नगर में शोक की लहर

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला बेगम सराय निवासी क्रिकेट प्रेमी मोहम्मद फारूक अंसारी का महाराष्ट्र के पुणे में हृदय गति रुक जाने से इंतकाल हो गया। उनके अचानक निधन की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि नगर में शोक की लहर दौड़ गई। मोहम्मद फारूक अंसारी अपने मिलनसार स्वभाव, समाजसेवा और क्रिकेट के प्रति गहरे लगाव के लिए क्षेत्र में खास पहचान रखते थे। वह सामाजिक कार्यों में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेते थे और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए हमेशा आगे रहते थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही उनके आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। मौलाना शाह शफीक अहमद कासमी, मौलाना असद रहीमी, हाजी अब्दुल करीम, फहीम अहमद, पूर्व चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी एडवोकेट, सभासद कलवा कुरैशी, चेयरपर्सन पति जावेद विकार, शमीम अहमद अंसारी (भट्टा वाले), मास्टर शमीम अहमद अंसारी, रियासत हुसैन अंसारी, इरशाद इलाही, दिलशाद अंसारी, नफीस, आजम, शहंशाह अंसारी, इकरामुद्दीन अंसारी, विशाल अंसारी सहित


मोहम्मद फारूक अंसारी

बड़ी संख्या में लोगों ने गहरे दुख का इजहार करते हुए मरहूम के लिए दुआ–ए–मगफिरत और परिजनों के लिए सब्र की दुआ की। मरहूम के बड़े भाई हाजी अब्दुल करीम ने बताया कि मौहम्मद फारूक अंसारी का शव एंबुलेंस से पुणे से लाया जा रहा है। जिसके अफजलगढ़ पहुंचने के बाद मगरिब की नमाज के बाद जामा मस्जिद में नमाज–ए–जनाजा अदा की जाएगी तथा पैतृक कब्रिस्तान में सुपुर्द–ए–खाक किया जाएगा। मरहूम अपने पीछे चार बच्चों सहित भरा–पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

# अमेरिका से ट्रेड डील के विरोध में भाकियू का जोरदार प्रदर्शन





**बिजनौर (चिंगारी)।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के बैनर तले आज जिलेभर से पहुंचे किसानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट पर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। ट्रैक्टर-ट्रालियों के साथ पहुंचे किसानों ने नारेबाजी करते हुए प्रशासन के माध्यम से सरकार को अपनी मांगों से अवगत कराया।

आंदोलन में शामिल किसान पहले चक्कर चौराहे पर एकत्र हुए, जहां से ट्रैक्टर-ट्रालियों के काफिले के साथ रेलवे फाटक,शक्ति चौराहा और नुमाइश ग्राउंड होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां धरना शुरू करते हुए वक्ताओं ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित अमेरिका ट्रेड डील का विरोध किया। उनका कहना था कि इस समझौते से देश के किसानों को आर्थिक नुकसान होगा और कृषि क्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

धरने को संबोधित करते हुए किसान नेताओं ने बिलाई शुगर मिल पर किसानों का लंबित गन्ना भुगतान तत्काल कराने की मांग उठाई। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों पर बिना निष्पक्ष जांच के मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। साथ ही उपभोक्ताओं की सहमति के बिना बिजली कनेक्शनों का भार बढ़ाकर किसानों और आम लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला जा रहा है।

किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के लिए अधिग्रहित की जाने वाली भूमि का बाजार भाव के अनुरूप मुआवजा दिए जाने और सर्किल रेट में वृद्धि की मांग भी रखी। इसके अलावा गुलदार, हाथी व अन्य जंगली जानवरों से किसानों और उनकी फसलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, रावली से बालावाली तथा जलीलपुर के सामने गंगा नदी किनारे पक्का तटबंध बनाए जाने तथा यूरिया, डीएपी सहित अन्य उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। भाकियू (टिकैत) नेताओं ने चेतावनी दी कि जब तक किसानों की मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

धरना-प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान,राजेंद्र सिंह, अंकुर चौधरी, दिनेश कुमार, राम अवतार सिंह, नरदेव सिंह, मुकेश, कुलदीप सिंह, संदीप त्यागी, विनीत मौर्य सहित भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विधायक तसलीम ने जौहर यूनिवर्सिटी को तोड़ने का आदेश वापस कराने को दिया ज्ञापन

## राज्यपाल से मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** विधायक हाजी तसलीम अहमद ने समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ पालोमल कालोनी स्थित अपने कार्यालय पर मंगलवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें उत्तर प्रदेश के राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम शैलेंद्र सिंह व सीओ आकांक्षा गौतम को सौंपा गया। ज्ञापन में उत्तर प्रदेश के रामपुर में स्थित मौलाना मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी की 38 इमारतों को अवैध घोषित कर गिराने के आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया है कि यह यूनिवर्सिटी केवल रामपुर की नहीं बल्कि पूरे भारत की यूनिवर्सिटी है। इस अप्रत्याशित निर्णय से न केवल इस शैक्षणिक संस्थान का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है, बल्कि यहाँ अध्ययनरत हजारों छात्र-छात्राओं का भविष्य भी अंधकारमय होने की कगार पर है। शिक्षा के एक मंदिर को इस तरह मलबे में तब्दील कर देना किसी भी सभ्य समाज के लिए अत्यंत चिंताजनक व पीड़ादायक है। इस मौके पर विधायक हाजी तसलीम अहमद के साथ जिला पंचायत सदस्य मौ. रफी, वरिष्ठ सपा नेता सफदर आमिर, काजी आसिफ मुत्तकी, वीरेंद्र यादव, इकरार जौहरी, दाऊद कुरैशी, हाफिज ताहिर, अंजार अहमद, अनवर खां मंसूब, फरहान खान, इबादुर्रहमान सैफी, अहमद खिजर, तसलीम अहमद, नितिन कश्यप, हाजी दिलशाद, मौ. शाहनवाज, अनीस सैफी, वरिष्ठ नेता मनव्वर अली सहित काफी संख्या में सपा कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी अमित कुमार, एसआई कय्यूम अली आदि फोर्स के साथ मौजूद रहे।



एसडीएम व सीओ को समर्थकों के साथ ज्ञापन देते विधायक हाजी तसलीम अहमद।

# तीन दुकानों में कुंबल लगाया लाखों रुपये का सामान उड़ाया

**धामपुर (चिंगारी)।** बीती रात चोरों ने जैतरा रेलवे क्रॉसिंग के पास दो दुकानों व एक खोखे में कुंबल लगाकर लाखों रुपए का सामान चोरी कर लिया। घटना का पता आज सुबह दुकानदारों को उस समय लगा जब वह अपनी-अपनी दुकान खोलने के लिए आये। जानकारी के अनुसार सर्वप्रथम चोरों ने सुरेंद्र कुमार की दुकान में कुंबल किया, परंतु वहां पर पेंट का सामान रखा हुआ था। सुरेंद्र कुमार ने बताया कि चोर उनकी दुकान से कोई सामान नहीं ले जा पाए। इसके बाद उन्होंने उनके बराबर में स्थित मनोज कुमार चौहान की कोल्ड ड्रिंक व पान मसाले की दुकान में कुंबल किया और उसमें से लगभग 20000 रु की नगदी, बीड़ी, सिगरेट, रजनीगंधा, पान मसाला, कोल्ड ड्रिंक व लगभग डेढ़ लाख रुपए का अन्य सामान चोरी कर लिया। इसके अलावा चोरों ने मधु रानी के अंडरगारमेंट बेचने के खोखे में कुंबल काटकर बनियान के छह पैकेट चोरी कर लिये, जिनकी कीमत लगभग 3000 रु है। चोर दुकानों में आराम से कुंबल लगाकर सामान चोरी करके ले गए। आज सुबह जब सभी दुकानदार अपनी-अपनी दुकान खोलने के लिए पहुंचे तो उन्होंने दुकान में कुंबल हुआ देखकर पुलिस को सूचना दी। जिस पर मौके पर पुलिस पहुंची और घटना का खुलासा करने का आश्वासन भी दिया।



दुकान की दीवार में हुआ कुंबल।

# जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रियंका मॉडर्न स्कूल रहा दूसरे स्थान पर

**धामपुर (चिंगारी)।** प्रियका मॉडर्न स्कूल के खिलाड़ियों ने खेल के मैदान में भी परचम लहराया है। विद्यालय के कक्षा-12 के तीन छात्र अभिनव तोमर, आयुष शर्मा, अमन विश्नोई और कक्षा-10 के छात्र अक्षत भारद्वाज ने आर.आर. मोरारका पब्लिक स्कूल, द्वारिकेश नगर में आयोजित आर.आर. मोरारका मेमोरियल अंतर स्कूल बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया।

## स्कूल पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

जिला बिजनौर के 16 स्कूलों की टीमों के बीच हुए इस मुकाबले में प्रियंका स्कूल की टीम ने एक के बाद एक मैच जीतकर टीम वर्ग में दूसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि एकल और युगल दोनों मैचों में बच्चों ने खेल भावना और अनुशासन का परिचय दिया। विद्यालय पहुंचने पर निदेशक राणा प्रियंकर सिंह, प्रशासिका अदिति सिंह और प्रधानाचार्य डी.एस. नेगी ने सभी खिलाड़ियों का स्वागत किया और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

निदेशक राणा प्रियंकर सिंह ने कहा कि हम पढ़ाई के साथ-साथ खेलों को भी बढ़ावा दे रहे हैं। स्कूल में क्रिकेट, बैडमिंटन, फुटबॉल, बास्केटबॉल सहित कई एकेडमी चलाई जा रही हैं ताकि बच्चे जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचें। इस सफलता का श्रेय बैडमिंटन कोच संजीव सिंह को दिया गया। शिक्षकों राजीव चौहान, मयंक कौशिक, मो. तबरेज, कमल भट्ट सहित अन्य ने भी बच्चों को बधाई दी।



विजेता टीम के साथ स्कूल का स्टाफ।

# माहेश्वरी महिला संगठन ने भावी कार्यक्रमों पर किया विचार
## सेवा कार्यों के साथ ही किया जायेगा संगठन विस्तार



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश (उत्तरांचल) माहेश्वरी महिला संगठन के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी की संगठन यात्रा का कार्यक्रम होटल ग्रैंड कैलाश में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं महेश वंदना से हुआ। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती ज्योति राठी तथा महामंत्री श्रीमती किरण लड्ढा तथा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मनीषा राठी ने संगठन की भावी कार्ययोजना, संगठन विस्तार, महिला सशक्तिकरण, सेवा कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने पर चर्चा की व संगठन की सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का मार्गदर्शन किया। संगठन की राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमती किरण लड्ढा ने बताया कि अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला संगठन अपने 50 वर्ष पूरे करने जा रहा है। संगठन शिक्षा स्वास्थ्य और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती ज्योति राठी ने कहा कि वह 'संगठन आपके द्वार' अभियान के तहत विभिन्न स्थानों का दौरा कर महिलाओं को शिक्षा तकनीक और स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। संगठन जरूरतमंद परिवारों को शिक्षा विवाह और व्यवसाय में भी सहयोग प्रदान कर रहा है।

नगर अध्यक्ष श्रीमती रेणु माहेश्वरी ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि कोटद्वार की पावन भूमि पर राष्ट्रीय नेतृत्व का आगमन नगर के लिए गर्व एवं सौभाग्य का विषय है। बैठक में जिला अध्यक्ष ज्योति माहेश्वरी, जिला सचिव शालिनी माहेश्वरी, नगर सचिव पूजा लड्ढा सहित श्रीमती कांता लड्ढा, राजकमल, नीलम, शिप्रा, पूजा, मंजू, संगीता, सुनीता, इंदू आदि बहनें उपस्थित रही। बैठक में प्रदेश एवं विभिन्न नगरों से आई पदाधिकारी बहनों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# भवनों के पास से गुजर रहे तार
## बढ़ रहे दुर्घटना के आसार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** वरिष्ठ नागरिक संगठन के पदाधिकारियों ने नगर निगम के वार्ड नं. 9 काशीरामपुर के आवासीय भवनों से गुजरती बिजली की हाइटेंशन लाइन को शिफ्ट करने की मांग की है। कहा कि इससे स्थानीय निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में संगठन के अध्यक्ष सेनि. कै. पी एल खंतवाल, महासचिव रिपुदमन सिंह बिष्ट व कोषाध्यक्ष महेंद्र कुमार अग्रवाल ने कहा है कि वार्ड की रमेश नगर, चमोली गली, कंडारी कालोनी, भवानी इन्क्लेव, सूर्या नगर व शिवालिक नगर सहित अन्य कालोनियों के आवासीय भवनों के एकदम नजदीक से होकर बिजली की हाइटेंशन लाइन गुजर रही है, जिससे बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। पूर्व में 6 सितंबर 2022 को इसी लाइन के करंट की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो चुकी है व कई लोग लाइन के करेंट की चपेट में आने से बचे हैं, इसलिए उक्त लाइन को घरों के ऊपर से शिफ्ट किया जाना चाहिए।

# श्यामपुर पहुंचे बिजनौर व हरिद्वार के पुलिस अधिकारी
## अन्तर्राज्यीय सीमा पर देखी कांवड़ यात्रा की तैयारी



**चिड़ियापुर ( चिंगारी )।** श्रावण कांवड़ मेला के सफल एवं सुरक्षित आयोजन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। सोमवार को उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा हरिद्वार-बिजनौर अंतर्राज्यीय सीमा चिड़ियापुर मार्ग पर संयुक्त समन्वय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण दल में शामिल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बिजनौर, पुलिस अधीक्षक अपराध/यातायात, हरिद्वार, पुलिस अधीक्षक नगर, बिजनौर, पुलिस अधीक्षक यातायात, बिजनौर ने सीमा क्षेत्र में व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी व बैरिकेडिंग, कांवड़ रूट पर डायवर्जन प्लान, पार्किंग और जाम मुक्त आवागमन, पेयजल, चिकित्सा, शौचालय व ठहराव स्थलों की व्यवस्था, दोनों राज्यों के बीच सूचना का त्वरित आदान-प्रदान और संयुक्त रिस्पॉन्स सिस्टम आदि का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर दोनों जनपदों के यातायात प्रभारी, सीमा क्षेत्र के थाना प्रभारी/प्रभारी निरीक्षक एवं अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने आपसी समन्वय को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने, सूचना के त्वरित आदान-प्रदान, यातायात संचालन तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। श्यामपुर कोतवाली प्रभारी नितेश शर्मा ने बताया दोनों राज्यों की पुलिस ने आगामी श्रावण कांवड मेला को सुरक्षित, व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पूर्ण समन्वय के साथ कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

# सड़क पर बने गडढों में भरा कीचड़-पानी
## लोगों को उठानी पड़ रही भारी परेशानी



**चिड़ियापुर ( चिंगारी )।** लालढांग-गैन्डीखाता मार्ग पर कार, बाइक आदि वाहन सवारों को आवाजाही में भारी परेशानी उठानी पड़ रही। सड़क जगह-जगह से टूटी हुई है। सडक उखड़कर गड्ढे बन गये, जिनमें कीचड़ पानी भर गया। बाइक सवारों को बड़ी मुश्किल से गड्ढों से बचते हुए निकलना पड़ रहा है। कार वालों को भी गड्ढों में फंसने का डर बना रहता है। इस सडक पर कटेबड़ से आगे सड़क पर बने गड्ढे में कीचड़ और फिसलन के कारण दोपहिया वाहन फिसलकर चालक गिरकर चोटिल हो जाते हैं। स्थानीय लोगों के साथ ही सड़क से आवागमन करने वाले कार व बाइक सवारों का कहना है कि लालढांग-गैन्डीखाता मार्ग पर वाहन चालकों को जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने इस मार्ग की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है।

चिंगारी
ऋषिकेश-लक्ष्मणझूला में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें-
राजेश शर्मा
मो. 9411361854

# आत्मा ही होती है मनुष्य की वास्तविक पहचान : संत पी.पी. सिंह

## अंग्रेजी माध्यम युवा जोनल स्तरीय समागम आयोजित

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** संत निरंकारी मिशन ब्रांच ऋषिकेश में शाहाबाद से पधारे संत पी.पी. सिंह के पावन सान्निध्य में अंग्रेजी माध्यम युवा जोनल स्तरीय संत समागम श्रद्धा एवं आध्यात्मिक उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। जोनल इंचार्ज हरभजन सिंह के दिशा निर्देशन में ऋषिकेश, ज्वालापुर, विकास नगर, चंबा, नरेंद्रनगर, कोटद्वार, भोगपुर, हरिद्वार, देहरादून, हल्दुखाता, ज्वालापुर, नई टिहरी, रायवाला, मसूरी, रुड़की, प्रेम नगर, क्षेत्रों से आए युवाओं एवं श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग कर आध्यात्मिक ज्ञान एवं मानव एकता का संदेश ग्रहण किया। संत पी.पी. सिंह ने कहा कि ऋषिकेश सदियों से आध्यात्मिक



साधना, आत्मचिंतन और ईश्वर से जुड़ने की प्रेरणा का केंद्र रहा है। उन्होंने कहा कि मनुष्य प्रायः स्वयं को शरीर, मन, समाज अथवा राष्ट्र द्वारा निर्मित पहचान तक सीमित कर लेता है, जबकि उसकी वास्तविक पहचान आत्मा है। शरीर और मन परिवर्तनशील हैं, किन्तु आत्मा शाश्वत है और उसी परमात्मा का अंश है। युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भौतिक उपलब्धियां और सांसारिक सफलता क्षणिक हैं, जबकि परमात्मा से एकत्व का अनुभव जीवन की सबसे बड़ी संपदा है। समागम का समापन विश्व शांति, मानव एकता तथा समस्त मानव जाति के कल्याण की मंगलकामना के साथ हुआ। समागम में पार्किंग, प्याऊ, लंगर एवं सफाई व्यवस्था की समस्त कार्य सेवादल के वॉलिंटियर्स ने किया संचालन सुदीक्षा चौहान एवं विकास आर्य ने संयुक्त रूप से किया।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

## बिकाऊ है

एक बारह टायरा ट्रक मॉडल 2017 चालू हालत व सभी टायर अच्छी कंडीशन में बिजनौर पासिंग व बिजनौर का रजिस्ट्रेशन बिक्री के लिये उपलब्ध है। इच्छुक व्यक्ति शीघ्र संपर्क करें-

मो.- 9897189764


# पीएनबी का एटीएम तोड़ने का प्रयास

बिजनौर (चिंगारी)। अज्ञात बदमाशों ने गत रात्रि सिविल लाइंस स्थित पंजाब नैशनल बैंक की मुख्य शाखा के बाहर स्थित एटीएम को तोड़ने का असफल प्रयास किया। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। बैंक की ओर से आबकारी चौकी में लिखित सूचना दे दी गई है। घटना रात्रि 1 बजे की है। जिसका खुलासा सुबह बैंक खुलने पर हुआ। बैंक अधिकारियों ने फिलहाल एटीएम बंद कर दिया है।

## नौ अगस्त को राहुल करेंगे छात्रों की 'गूंज' आंदोलन को संबोधित

नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी नीट, जेईई सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित पेपर लीक के खिलाफ आगामी नौ अगस्त को कांग्रेस के 'छात्रों की गूंज' आंदोलन को संबोधित करेंगे। इससे पहले 22 जुलाई को दिल्ली में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद गौरव गोगोई, सांसद इमरान मसूद और सांसद परिणिती शिंदे छात्रों के आंदोलन में शामिल होंगे। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सोमवार को यहां पार्टी के प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछले 10 वर्षों में करीब 90 पेपर लीक की घटनाओं से लगभग 7.5 करोड़ युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है।


## आवश्यकता है
### कंप्यूटर टाइपिस्ट की

योग्यता: केवल पुरुष
- MS Word का ज्ञान
- MS Excel का ज्ञान
- बेसिक कंप्यूटर का ज्ञान अनिवार्य
- टाइपिंग स्पीड: 60 शब्द प्रति मिनट (WPM)

वेतन: ₹ 20,000 प्रति माह

स्थान: A.S. कॉर्पोरेशन, बिजनौर

9927097907



## महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज

मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।

आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध

सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-

अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234



## DISTANCE AND ONLINE COURSES

➢MBA ➢MCA ➢M LIB
➢MA (JMC) ➢M.Sc
➢BBA ➢BCA ➢B LIB
➢BA (JMC) ➢B.Sc

**ASIAN INSTITUTE OF HIGHER EDUCATION**

MORADABAD ROAD NEAR ROOTS SCHOOL BIJNOR

PH. 9410600428, 9868264774

## आवश्यकता है

**R.P.S. INTERNATIONAL SCHOOL**

(C.B.S.E. Patteran An English Medium)

ग्राम फतेहपुर कलां, बिजनौर को कक्षा एक से कक्षा 8 तक सभी विषयों हेतु अध्यापक/अध्यापिकाओं की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति तुरंत सम्पर्क करें। वेतन योग्यतानुसार। स्टाफ के लिये आने व जाने की सुविधा।

मो. 8394838034, 8954568123, 9359888044



Gents Specialist

Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat

CLASSIC TAILORS

9927060150

CLASSIC SHOES

CLASSIC Shoes

M: 9897041426

NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus


Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD

Kajaria Exculsive Showroom

बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट

Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom



DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT

TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY

Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक

₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा

8445517265
8791919960

सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर